संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

16 अक्टूबर 2026, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 09, अंक - 25

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकाशित

"हद से ज्यादा खुशी और हद से ज्यादा गम कभी किसी को मत बताओ"

कात्यायनी

कात्यायनी ऋषि कात्यायन की पुत्री थीं और नौ देवियों में सबसे उग्र देवियों में से एक हैं। सिंह पर सवार, तलवार उठाए, वह महिषासुर का वध करने वाली देवियाँ हैं। उनका दिन शक्ति और कठिन परिस्थितियों का सामना करने के साहस की मांग करता है।

मंत्र-देवी कात्यायन्यै नमः

इंडिया ब्लॉक की याचिका पर निर्वाचन आयोग को नोटिस

विरोध प्रदर्शनों के फुटेज सुरक्षित रखें, राहुल गांधी को अपने आचरण पर सफाई देनी होगी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली । मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में हुए विरोध-प्रदर्शनों के दौरान की गई कार्रवाई और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। एक ओर अदालत ने प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई, मेट्रो स्टेशनों पर प्रतिबंध और इंटरनेट सेवा बंद किए जाने से जुड़ी अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई की। वहीं, दूसरी ओर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक के नेताओं की याचिका पर चुनाव आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों को नोटिस जारी किया। साथ ही राहुल गांधी को समर्थकों के साथ सुप्रीम कोर्ट आने पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने जंतर-मंतर को विरोध-प्रदर्शन की जगह के रूप में डीनोटिफाई करने की याचिका पर केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में हुए प्रदर्शनों से जुड़े सभी सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 12 अक्टूबर के आचरण पर गंभीर सवाल उठाए हैं और उन्हें इस पर स्पष्टीकरण देने को कह दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पुलिस के साथ-साथ सभी निजी पक्ष भी विरोध प्रदर्शनों से जुड़े वीडियो सुरक्षित रख सकते हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें अदालत में सबूत के तौर पर पेश कर सके।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान 12 अक्टूबर को हुए मार्च और उसके दौरान हुई अव्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि याचिकाकर्ता राहुल गांधी को अपने आचरण पर सफाई देनी होगी। यह टिप्पणी एक महत्वपूर्ण न्यायिक हस्तक्षेप को दिखाती है, जहां नेताओं के सार्वजनिक व्यवहार पर भी शीर्ष न्यायालय की पैनी नज़र है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के कामकाज और एसआईआर को लेकर राहुल गांधी समेत विपक्षी दलों की संयुक्त याचिका पर नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि याचिका पर फैसला सुनाने से पहले याचिकाकर्ताओं में से एक को अपने आचरण के बारे में स्पष्टीकरण देना होगा। विपक्षी दलों की इस संयुक्त याचिका में कुल 13 याचिकाकर्ता हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि किस याचिकाकर्ता के आचरण पर उसे आपत्ति है।

बिना शर्त माफी पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

दिल्ली में 10 अक्टूबर को हुए प्रदर्शन के दौरान लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर केंद्र सरकार, दिल्ली पुलिस और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की ओर से अदालत में जवाब दाखिल किए गए हैं। अधिकारियों के खिलाफ दायर अवमानना याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के पहले के निर्देशों के बावजूद प्रदर्शन के दौरान लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाए गए, प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया और मेट्रो सेवाओं तथा इंटरनेट पर पाबंदियां लगाई गईं। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है और बिना शर्त माफी भी मांगी गई है। उन्होंने कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया में यह चर्चा चल रही है कि सरकार ने माफी मांग ली है, जबकि अवमानना की कार्यवाही में बिना शर्त माफी मांगना एक औपचारिक प्रक्रिया भी है।

राहुल गांधी समेत इंडिया ब्लॉक की याचिका पर नोटिस

इसी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक के अन्य नेताओं की उस याचिका पर भी नोटिस जारी किया, जिसमें चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी से जुड़े फैसलों को चुनौती दी गई है। याचिका में चुनाव आयोग के फैसलों, मतदाता सूची से कथित तौर पर बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने और मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा आयोग की सामूहिक शक्तियों के इस्तेमाल को लेकर सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ताओं ने चुनाव आयोग से संबंधित रिकॉर्ड अदालत के सामने पेश कराने और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों की स्वतंत्र जांच सहित कई मांगें रखी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में चुनाव आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान राहुल गांधी के आचरण को लेकर भी स्पष्टीकरण मांगा गया। अदालत में उनके समर्थकों के साथ पहुंचने से संबंधित मुद्दा उठाया गया।

जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने के मामले में का केंद्र को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने के दिल्ली पुलिस के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया। अर्जी में रामलीला मैदान समेत प्रदर्शन के लिए तय किए गए तीन नए स्थलों को लेकर भी आपत्ति जताई गई है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार ने 11 अक्टूबर को आदेश जारी कर जंतर-मंतर की जगह तीन नए प्रदर्शन स्थल निर्धारित किए थे।

धर्मांतरण के बाद नहीं मिलेगा आरक्षण का लाभ

नई दिल्ली (एजेंसी) । सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि हिंदू धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाने वाला व्यक्ति केवल अपने पुराने सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर उस पिछड़े वर्ग के आरक्षण का लाभ नहीं मांग सकता, इससे वह धर्म परिवर्तन से पहले जुड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने जोर दिया कि धर्म परिवर्तन के बाद पुरानी सामाजिक स्थिति के आधार पर पिछड़े वर्ग के आरक्षण का लाभ स्वतः नहीं मिलेगा।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति श्री चंद्रशेखर की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की अपील को खारिज कर मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा, जिसमें इस्लाम धर्म अपनाने के बाद भी पुराने पिछड़े वर्ग के आरक्षण की मांग की गई थी। यह मामला तमिलनाडु सरकार के 9 मार्च 2024 के एक शासनादेश से संबंधित था, इसके तहत पिछड़ा वर्ग (बीसी), अति पिछड़ा वर्ग (एमबीसी), विमुक्त समुदायों और अनुसूचित जातियों के इसतरह लोगों को इस्लाम अपनाने के बाद पिछड़े वर्ग के मुस्लिम के रूप में मान्यता देने की व्यवस्था की गई थी। मद्रास हाई कोर्ट ने इस शासनादेश को असंवैधानिक करार दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हिंदू सामाजिक व्यवस्था से गैर-हिंदू सामाजिक व्यवस्था में जाने वाला व्यक्ति संविधान के अनुच्छेद 16(4) के तहत केवल धर्म परिवर्तन से पहले की सामाजिक पिछड़ेपन की स्थिति के आधार पर सकारात्मक कार्रवाई या आरक्षण का दावा नहीं कर सकता। पीठ ने कहा कि पूर्ववर्ती सामाजिक व्यवस्था में झेला गया पिछड़ापन अपने आप उस धर्म में पिछड़े वर्ग का दर्जा प्रदान करने के लिए आगे नहीं ले जाया जा सकता, जिसे व्यक्ति ने धर्म परिवर्तन के बाद अपनाया है।

अदालत ने साफ किया कि यदि कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन के बाद दोबारा हिंदू धर्म अपना लेता है, तब उस भी पुराने पिछड़े वर्ग का दर्जा स्वतः नहीं मिलेगा और उसके आरक्षण के अधिकार का निर्धारण केवल पूर्ववर्ती सामाजिक स्थिति के आधार पर नहीं होगा।

संक्षिप्त खबरें

पाकिस्तान में निजी स्कूल की छत गिरने से 29 बच्चों की मौत

पेशावर । पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर के दीर कॉलोनी इलाके में गुरुवार को एक निजी स्कूल की छत गिरने से कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 29 बच्चे और एक महिला शिक्षिका शामिल हैं। हादसे में कई बच्चे घायल भी हुए हैं। घटना के बाद पुलिस ने स्कूल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया जिओ न्यूज और पाकिस्तान के उर्दू टीवी चैनल दुनिया न्यूज ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि इमारत की ऊपरी मंजिल की छत नीचे की मंजिल पर गिर गई। इससे पहली मंजिल की छत भी ढह गई और कक्षाओं में बैठे बच्चे मलबे के नीचे दब गए।

आज रांची आएंगे जदयू नेता व केंद्रीय मंत्री ललन सिंह

रांची । कल बिहार के वरिष्ठ राजनेता, जनता दल यूनाइटेड के दिग्गज नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह आ रहे हैं। उनके आने को लेकर रांची जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है.राजधानी में उनकी सुरक्षा के बेहद कड़े और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ललन सिंह अपने इस दौरे के दौरान राजनीतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. वे रांची में जदयू के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी कर सकते हैं, जिसमें आगामी रणनीतियों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री के तौर पर उनके कुछ विभागीय कार्यक्रमों में भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

झारखंड में बढ़ी गर्मी, तीन दिनों में 2 से 3 डिग्री चढ़ा तापमान

रांची । झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले दो-तीन दिनों के दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही उमस भी बढ़ी है। मौसम विभाग ने 16 अक्टूबर से राज्य के विभिन्न हिस्सों में सुबह के समय कुहासा छाने और बाद में आंशिक बादल रहने की संभावना जताई है। राजधानी रांची में सोमवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो बढ़कर गुरुवार को 31.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 20 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

नेपाल से भारत जाने वाले यात्रियों के लिए पावर बैंक पर प्रतिबंध

काठमांडू । नेपाल से भारत जाने वाले यात्रियों को अब एक विशेष प्रकार का पावर बैंक अपने साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी। नेपाल एयरलाइंस ने सूचना जारी कर इसकी जानकारी दी है। यह प्रतिबंध भारत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के सर्कुलर के आधार पर लगाया गया है। नए नियम के अनुसार, मोबिकिंस एमके पीबी-04 पावर बैंक को भारत से या भारत के लिए संचालित होने वाली किसी भी उड़ान में ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसे यात्री अपने केबिन हैंडबैग, चेक-इन बैगेज या कार्गो में भी नहीं ले जा सकेंगे।

संघर्ष की राह में मां बनीं बाबा की सबसे बड़ी ताकत : हेमंत सोरेन

संवाददाता

रामगढ़ । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए मां के योगदान और उनके अटूट साथ को भावुक शब्दों में बयां किया। उन्होंने कहा कि गांव की पगडंडियों, खेतों और जल-जंगल के बीच बाबा ने संघर्ष की शुरुआत की थी। उस कठिन सफर में मां हर कदम पर उनकी हमसफर बनकर साथ चलती रहीं।

मुख्यमंत्री के इस कथन में संघर्ष के साथ-साथ परिवार के त्याग, समर्पण और आपसी विश्वास की झलक दिखाई देती है। उन्होंने मां को केवल पिता की जीवनसंगिनी के रूप में नहीं, बल्कि संघर्ष के हर मोड़ पर हौसला देने वाली सबसे बड़ी ताकत के रूप में प्रस्तुत किया।

हेमंत सोरेन के अनुसार, बाबा दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने जब-जब संघर्ष का रास्ता चुना, मां रूपी सोरेन ने हर मुश्किल में उनका हाथ थामे रखा। कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच उनका साथ बाबा के लिए संबल बना रहा। संघर्ष की राह में मां की भूमिका केवल साथ निभाने तक सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने हर कठिन घड़ी में उनका मनोबल बढ़ाया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

मुख्यमंत्री के इन शब्दों से यह संदेश उभरता है कि किसी भी बड़े संघर्ष के पीछे अक्सर परिवार का मौन त्याग और समर्पण छिपा होता है। जीवन की कठिन राहों पर जब परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण होती हैं, तब अपनों का विश्वास ही सबसे बड़ी शक्ति बनता है।

यूपी-बिहार समेत 17 राज्यों में मतदाता सूची का होगा पुनरीक्षण : चुनाव आयोग

एजेंसी

नई दिल्ली । मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच भारत निर्वाचन आयोग ने 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कराने का निर्देश दिया है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ना, सूची में गलतियों को सुधारना और मतदाता सूची को अद्यतन करना है। इसके लिए एक जनवरी, 2027 को पात्रता तिथि निर्धारित की गई है। आयोग के निर्देश के अनुसार, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा,

गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, मणिपुर, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में यह प्रक्रिया संचालित होगी। इनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर जैसे राज्यों में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं।

पुनरीक्षण के तहत एक जनवरी, 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र युवा मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर, 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।

एसएसआर के दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के साथ मृत मतदाताओं के नाम हटाने, पता बदलने और मतदाता पहचान संबंधी त्रुटियों में सुधार का काम किया जाएगा। यह प्रक्रिया मौजूदा मतदाता सूची को आधार बनाकर होती है।

नेहा और दीपके ने किया आंदोलन को देशव्यापी बनाने का आह्वान

प्रेसवार्ता के दौरान बाहर जाओ, बाहर जाओ के लगे नारे

एजेंसी

नई दिल्ली । देश की राजधानी नई दिल्ली में नेहा बोरा और अभिजीत दिपके की प्रेसवार्ता में उस वक्त जोरदार हंगामा हुआ, जब वे सिंगल आइडेंटिटी रजिस्टर (एसआईआर) और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अपने आंदोलन को आगे बढ़ा रहे थे। अभिनेता प्रकाश राज की उपस्थिति में हुए हंगामे के बीच दोनों नेताओं ने लोकतंत्र में वोट के अधिकार की लड़ाई को देशव्यापी बनाने का आह्वान किया, और केंद्र सरकार पर आंदोलनकारियों को दबाने का आरोप लगाया।

इस मौके नेहा बोरा ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध कविता रश्मिरथी की पंक्तियों, जंजीर बढ़ाकर साध मुझे, हां हां दुर्योधन बांध मुझे का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ उनका आंदोलन किसी पार्टी विशेष का नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए वोट के अधिकार की लड़ाई का प्रमाण है। नेहा बोरा ने सौरव दास और आशुतोष रांका की गिरफ्तारी को मतदान के अधिकार के लिए आवाज उठाने वालों को न्यायिक हिरासत में भेजने जैसा बताया, यह कहकर कि इसतरह के कदमों से आंदोलन को रोका नहीं जा सकता।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 23 को आएंगे रांची

रांची (संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आगामी 24 और 25 अक्टूबर को रांची में आयोजित होने वाली भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल होंगे। उनके आगमन और बैठक को लेकर पार्टी संगठन की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बाउरी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 23 अक्टूबर को ही रांची पहुंच जाएंगे। इसके बाद 24 अक्टूबर को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के पहले दिन उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

अभिनेता इमरान को 28 अक्टूबर तक देश छोड़ने का नोटिस

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेता और आमिर खान के भांजे अभिनेता इमरान खान को मुंबई पुलिस ने 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने का नोटिस दिया है। उन पर मुंबई में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आरोप है। यह प्रदर्शन कॉकरोच जनता पार्टी के आह्वान पर किया गया था। इस मामले में भाजपा नेता किरीट सोमैया की शिकायत के बाद पुलिस की कार्रवाई सामने आई है। आरोप है कि प्रदर्शन में शामिल होकर इमरान खान ने ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों के लिए निर्धारित नियमों का उल्लंघन किया है।

एनजीटी की रोक हटने के बाद भी दुमका के सिर्फ तीन बालू घाटों से होगा खनन

श्रेणी-2 के 32 बालू घाटों की हो चुकी है नीलामी, 29 घाटों पर अभी बालू उठाव की राह में अड़चन

डॉ.सुमन सिंह

दुमका । झारखंड में बालू खनन पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की 15 अक्टूबर तक लगी रोक अब हट गई है।पर बालू खनन पर एनजीटी की रोक हटने के बाद भी दुमका जिले में खनन और उठाव सामान्य होने की उम्मीद नहीं है। जिले में श्रेणी-2 के कुल 32 बालू घाटों की नीलामी हो चुकी है, लेकिन अब तक केवल तीन घाटों को ही बालू खनन के लिए जरूरी प्रक्रियाओं की मंजूरी मिल सकी है। ऐसे में एनजीटी की रोक हटने के बावजूद फिलहाल जिले के केवल तीन बालू घाटों से ही खनन और उठाव का रास्ता साफ हुआ है।जिन तीन घाटों को आवश्यक मंजूरी मिली है, उनमें रानेश्वर प्रखंड का छोटा कामती घाट, जरमुंडी प्रखंड का हरिपुर घाट और जामा प्रखंड का कटनी घाट शामिल हैं। इन घाटों के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति (ईसी), संचालन सहमति (सीटीओ), विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी), ग्राम सभा की सहमति के साथ ही डीड एवं अन्य जरूरी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। शेष 29 घाटों के मामले में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी नहीं होने के कारण वहां से बालू उठाव शुरू होने में अभी समय लग सकता है।

दुमका जिले में श्रेणी-2 के 32 बालू घाटों की नीलामी पूरी होने के बाद उम्मीद थी कि एनजीटी की रोक हटते ही बालू खनन की प्रक्रिया गति पकड़ लेगी। लेकिन नीलामी के बाद भी अधिकांश घाटों पर पर्यावरणीय और अन्य वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी नहीं हो सकी हैं।नतीजतन, जिन घाटों की नीलामी हो चुकी है, उनमें से अधिकांश से तत्काल बालू उठाव संभव नहीं दिख रहा है। केवल तीन घाटों को जरूरी मंजूरी मिलने के कारण जिले में बालू की उपलब्धता सीमित रहने की आशंका है।

बालू की उपलब्धता सीमित रहने पर निर्माण कार्य कराने वाले लोगों, भवन निर्माताओं और ठेकेदारों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपूर्ति और मांग के बीच अंतर बढ़ने पर बालू की कीमतों पर भी दबाव पड़ने की आशंका है।

गोड्डा : किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला 12वीं का छात्र, प्रेम प्रसंग समेत विभिन्न पहलुओं पर होगी जांच

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

गोड्डा । नगर थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहे 12वीं के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। छात्र का शव गुरुवार को अहले सुबह कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस अब छात्र की मौत से जुड़े घटनाक्रम को समझने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है।

मृतक की पहचान मल्हारा गांव निवासी बाल किशोर पंडित के पुत्र गोपाल पंडित के रूप में हुई है। वह प्लस टू उच्च विद्यालय जमनी पहाड़पुर में कक्षा 12वीं का छात्र था। दो भाइयों में गोपाल छोटा था और पिछले दो वर्षों से गोड्डा शहर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह केंद्रीय विद्यालय के बगल की गली स्थित कंचन लॉज के एक किराए के कमरे में रहता था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे की मौत की खबर सुनकर परिवार के लोग आनन-फानन में गोड्डा पहुंचे। पढ़ाई के लिए घर से दूर रह रहे बेटे की इस तरह मौत होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मोबाइल की जांच के बाद हो सकता है मामले का खुलासा

छात्र की मौत के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। घटना को लेकर प्रेम प्रसंग से जुड़े होने की आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने छात्र का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। मोबाइल में मौजूद जानकारी और अन्य साक्ष्यों की जांच से घटना से पहले की परिस्थितियों के बारे में अहम सुराग मिलने की संभावना है। नगर थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मौत के कारणों को लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। पुलिस सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि छात्र की मौत किन परिस्थितियों में हुई।

सीएम ने आमजनों की सुनी समस्याएं , मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत मिली दस लाख की सहायता

संताल एक्सप्रेस

रांची । मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन अपनी दिवंगत माता स्व. रूपी सोरेन के श्राद्धकर्म को लेकर अपने पैतृक गांव नेमरा में हैं। एक ओर यहां मुख्यमंत्री की दिवंगत माता को श्रद्धसुमन अर्पित करने वालों का तांता लगा हुआ है। वहीं दूसरी ओर अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर भी बड़ी संख्या में नेमरा पहुंच रहे हैं। लोगों ने आज भी मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्याएं रखी और निदान का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से सभी लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए उनके द्वारा दिये आवेदन को स्वीकार किया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को समस्या निदान का निर्देश दिया। इसी तहत मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने रामगढ़ जिले के बेराटांड़ के भरेच नगर निवासी रामकिशुन बेसरा के पुत्र अनूप बेसरा के कान का इलाज हेतू 10 लाख रूपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने करीब छह वर्षीय अनूप बेसरा को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना अंतर्गत चिकित्सा अनुदान के तहत 48 घंटे के अंदर सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण करवाते हुए 10 लाख रूपये का चेक प्रदान किया। विदित हो कि पिछले दिनों नेमरा में ही अनूप के पिता रामकिशुन बेसरा ने मुख्यमंत्री से मिलकर अपने बेटे के कान की इलाज के लिए अत्यधिक राशि खर्च होने के कारण सहयोग का अनुरोध किया था। उनके पुत्र का इलाज क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लौर में चल रहा है। चिकित्सकों ने उसके सुनने के अंग (इंटरनल इयर) को बदलने की सलाह दी है, जिसमें अत्यधिक राशि खर्च होने की बात सामने आई है। इसके बाद रामकिशुन ने नेमरा पहुंचकर अपनी समस्या मुख्यमंत्री को बताई थी।मुख्यमंत्री ने इसे संज्ञान में लेते हुए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया था। इसपर रामगढ़ जिला प्रशासन द्वारा तत्परता के साथ सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण की गई और 48 घंटे के भीतर ही अनूप बेसरा को नेमरा में ही आज 10 लाख का चेक प्रदान कर दिया गया।अनूप के पिता रामकिशुन बेसरा ने बताया कि आर्थिक मदद मिलने से अब उन्हें अपने पुत्र के इलाज में काफी सहयोग मिलेगी।

झारखंड सूचना आयोग को क्रियाशील करने की मांग

रांची। झारखंड राज्य सूचना आयोग को क्रियाशील करने और मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति की मांग को लेकर हमर अधिकार मंच ने गुरुवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उच्चतम न्यायालय के मु य न्यायाधीश और झारखंड उच्च न्यायालय के मु य न्यायाधीश को पत्र भेजा है। पत्र पर झारखंड के 20 जिलों के आरटीआई कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए हैं।मंच के अध्यक्ष दीपेश निराला ने गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 8 मई 2020 के बाद से आयोग में सुनवाई नहीं होने के कारण हजारों आवेदक प्रभावित हो रहे हैं।दीपेश निराला के अनुसार, इस संबंध में पूर्व में राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को भी ज्ञापन सौंपा गया था। राज्यपाल सचिवालय ने कार्रवाई के लिए राज्य सरकार के मु य सचिव को पत्र भेजा था, लेकिन मंच के मुताबिक अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।उसने राज्य सूचना आयोग में जल्द सुनवाई शुरू कराने और लंबित मामलों के निपटारे के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

हावड़ा मंडल ता़री रे नबग्राम काँकुड़हाटी आर बरमसिया हाल्ट स्टेशनको रे हॉल्ट कॉन्ट्रैक्टरकोवाक् बाछाव

एम-यूटीएस दाराय ते अनारक्षित टिकटको आ़खरिञ

सं.: सीओएम/डीईवी/हॉल्ट/एनबीकेएच/बीआरएमए/2026 मा़हित: 15.10.2026 हावड़ा मंडल ता़री रे नबग्राम काँकुड़हाटी आर बरमसिया हाल्ट स्टेशनको रे निटाकात् कमीशन लेका रे मोंड़ें बो़छो़र सो़मो़य ला़गित् मोबाइल यूटीएस दाराय ते अनारक्षित टिकटको आ़खरिञ बाखरा पुरा़उ ते अनुबंध लेका रे हॉल्ट कॉन्ट्रैक्टर बाछावको ला़गित् लेकमान हो़ड़ ठेन खो़न निट मेनाक् प्रारूप रे आरदास साकाम नेवतायेत् काना। **हॉल्ट रेयाक् बानाडाय:- (1) नबग्राम काँकुड़हाटी:- जायगा:** कटवा-आजिमगंज लाइन रे कटवा आर शिबलुन स्टेशनको ताला रे; **जिला:** पूर्व बर्द्धमान; **पो़नो़त:** पश्चिम बंगाल **(2) बरमसिया:- जायगा:** रामपुरहाट-दुमका लाइन रे शिकारीपाड़ा आर कुरूवा स्टेशन ताला रे; **जिला:** दुमका; **पो़नो़त:** झारखंड। **पात्रता मानदंड:** (1) आरदासिया़ ओना जिला रेन टोठाकिया़को होयोक् लेक काना मेताक्मे नबग्राम काँकुड़हाटी ला़गित् पश्चिम बंगाल पो़नो़त रेयाक् पूर्व बर्द्धमान जिला रे आर बरमसिया ला़गित् झारखंड पो़नो़त रेयाक् दुमका जिला रे जाहां रे दो़ स्टेशन मेनाक्आ। नोआ ला़गित् ते, आरदासिया़ दो़ ओना जिला, जाहां रे हॉल्ट स्टेशन मेनाक्आ, रेयाक् डीएम/एडीएम/एसडीओ/बीडीओ ठेन खो़न टोठाकिया़ गिरा़बा़सी रेयाक् पोरमान साकाम बाङखान राजपत्रित अधिकारी होतेते सत्यापित वोटर कार्ड रेयाक् उमुल साकाम उदुग होयोक् ताकोआ। टोठाकिया़ गिरा़बा़सी रेयाक् कागो़च दो़ आरदास साकाम सो़ंगे ते उदुग होयोक् ताकोआ। (2) आरदासिया़वाक् उमा़र दो़ 01.10.2026 हिलोक् 18 बो़छो़र खो़न को़म बाङ होयोक् लेक काना। आरदासिया़ दो़ को़म से को़म 10वीं किलास पास आकात् होयोक् लेक काना आर ओनको दो़ एनकान मा़छावाक् अंग्रेजी रे का़मीय रेयाक् बाडाय होयोक् लेक काना जेमो़न ओनको दो़ स्टेशन रेयाक् ञुतुम आर टिकटको रेयाक् गो़नो़मको पाड़हाव दाड़ेयाक्। राजपत्रित अधिकारी होतेते सत्यापित सेकंडरी परीक्षा पास पोरमान साकाम सांवते पाड़हावाकान रेयाक् योग्यता पोरमान साकाम आर आय पोरमान साकाम रेयाक् उमुल साकाम आरदास साकाम सो़ंगे उदुग होयोक् ताकोआ। (3) आरदासिया़ दो़ पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशन होतेते बेनावाक् चिकित्सा पोरमान साकाम उदुग होयोक् ताकोआ, ओना रे नोआ उदुक् आकान ताहेंनमा जे उनी दो़ पुरा़उ ते सेवा ला़गित्को फिट गेया आर जाहां लेकानाक् आजारको खो़न दो़को रूखिया़ गेया। (4) बाछाव तायो़म आरदासिया़ दो़ पुलिस सत्यापन रिपोर्ट उदुग होयोक् ताकोआ आर प्रतिभूति पायसा रूप रे रु. 2,000/- जामाय होयोक् ताकोआ। (5) ब्लूटूथ-सक्षम थर्मल प्रिंटर (मोबाइल/डेस्कटॉप) ला़गित्, हॉल्ट कॉन्ट्रैक्टर दो़ आरमित्टेन प्रतिभूति पायसा जामाय होयोक् ताकोआ। नोआ जामा दो़ बैंग गारंटी, फिक्स्ड डिपॉजिट, मनी रिसीट बाङखान डिमांड ड्राफ्ट रूप रे होय दाड़ेयाक्आ, जेलेका रेलवे होतेते सो़मो़य-सो़मो़य रे गोटाक्आ। (6) नोआ छाडा, हॉल्ट कॉन्ट्रैक्टर दो़ ओनकोको जा़रीयाकात् टिकट रोल ला़गित् ते रु. 25,000 रेयाक् मित् वापसी योग्य प्रतिभूति जमा मनी रिसीट/डिमांड ड्राफ्ट/फिक्स्ड डिपॉजिट/बैंक गारंटी रूप रे भुगतान होयोक् ताकोआ। **एमावाको कमीशन:** एमावाको कमीशन दो़ नोड्का लेका ताहेंना:- सेल्स टर्नओवर (रु. रे); एमावाको कमीशन (क) रु. 1-15,000; 15%, (ख) रु. 15,001-50,000; 12%, (ग) रु. 50,001-1,00,000; 9%, (घ) रु. 1,00,001-2,00,000; 6%, (ङ) रु. 2,00,001 आर ओना खो़न जा़सती ; 3% । **(क) आरदास ला़गित् प्रारूप रेयाक् बेबो़सता आर पुरा़उ नेयो़म आर शर्तको: आरदास रेयाक् प्रारूप आर पुरा़उ नेयो़म आर शर्तको दो़ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबधंक, वाणिज्य शाखा, प्रथम तल, न्या डीआरएम कार्यालय, पूर्व रेलवे, हावड़ा- पिन-711101** रेयाक् कार्यालय खो़न मा़हित **16.10.2026 खो़न 06.11.2026** ताला रे जाहांटाक् का़मीदिन (छुटी छाडा काते) हिलोक् गे **11.00 बजे खो़न 17.00** बजे हा़बिच् ञामो़क्आ। (मा़हित 16.10.2026 आर 06.11.2026 हिलोक् छाडा जो़तो़ दिन गे **11.00 बजे खो़न 17.00** बजे हा़बिच्। मा़हित **16.10.2026 हिलोक् 12.00 बजे खो़न 17.00 बजे** हा़बिच् आर **मा़हित 06.11.2026 हिलोक् 11.00 बजे खो़न 12.00 बजे हा़बिच्**)। आरदास रेयाक् प्रारूप आर पुरा़उ नेयो़म आर शर्तको दो़ आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** खो़न हों डाउनलोड दाड़ेयाक्आ। **(ख) आरदास जामाय रेयाक् ता़रीक: 16.10.2026-06.11.2026** (छुट्टी दिन छाडा काते) जो़तो़ का़मीदिन हिलोक् गे **11.00 बजे खो़न 17.00 बजे हा़बिच्।** हें मेनखान, **16.10.2026 हिलोक् नोआ दो़ 13.00 बजे खो़न 17.00 बजे हा़बिच्** आर **06.11.2026 हिलोक् 11.00 बजे खो़न 13.00 बजे हा़बिच्** ञामो़क्आ। प्रारूप लेका रे नेयो़म लेकाते पेरेच् आकात् आरदास साकाम, राजपत्रित अधिकारी होतेते सत्यापित आकात् कागो़चको रेयाक् उमुल साकाम सांवते मित्टेन मुहरबों़द लिफाफा रे सेलेद लेक काना, ओना रे **"...हॉल्ट स्टेशन पर हॉल्ट कॉन्ट्रैक्टर के लिए आवेदन"** ओ़ल आकान ताहेंनमा ओका दो़ मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), वाणिज्य शाखा, प्रथम तल, नावां डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा, पिन-711101 ला़गित् ओ़लाकान ताहेंनमा। आरदास दो़ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा रेयाक् कार्यालय रे नोआ बाखरा दोहो़वाकात् बॉक्स रे भोराव लेक काना। **(ग) आरदास बॉक्स झिज:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा रेयाक् कार्यालय रे मा़हित **06.11.2026 हिलोक् 14.00 बजे**। जुदि कार्यालय छुट्टी आर से जाहां लेकानाक् ओ़जे खा़तिर ते बों़द ताहेंन काना, एन्डेखान आरदास दो़ दाराय का़मीदिन हिलोक् ओना सो़मो़य आर जायगा रे झिजुक्आ। **आरदास रेयाक् पुरा़उ बानाडाय आर पुरा़उ नेयो़म आर शर्तको दो़ अधिकारिक वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in** आर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा रेयाक् कार्यालय रेयाक् नोटिस बोर्ड रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), हावड़ा

पूर्व रेलवे

नों़डे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

झारखंड हाई कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के टेंडर के संबंध में सरकार से मांगी प्रगति रिपोर्ट

संताल एक्सप्रेस

रांची। झारखंड के सभी पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से टेंडर की प्रगति पर जवाब मांगा है। अदालत ने सरकार को निविदा प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति और आगे की कार्रवाई से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की सुनवाई मु य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति मनोज प्रसाद की खंडपीठ में हुई।सुनवाई के दौरान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की ओर से अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने से छूट देने के लिए आवेदन दिया गया। अदालत ने आवेदन स्वीकार करते हुए अगले आदेश तक डीजीपी को सशरीर उपस्थित रहने से छूट प्रदान कर दी।राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता रोहित राय ने अदालत को बताया कि पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, निविदादाता 29 अक्टूबर तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे, जबकि 30 नवंबर को टेंडर की बिड खोली जाएगी।सरकार की ओर से बताया गया कि बिड खुलने के बाद टेंडर प्रक्रिया की प्रगति से संबंधित विस्तृत जवाब अदालत में दाखिल किया जाएगा। पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया को इस मामले में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे थानों में होने वाली गतिविधियों की निगरानी और पुलिस हिरासत में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है।यह मामला इचागढ़ के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तरुण महतो के साथ पुलिस थाने में कथित बर्बरता से जुड़ा है। उपलब्ध विवरण के अनुसार, 19 नवंबर 2025 की रात इचागढ़ पुलिस तरुण महतो को पकड़कर थाने ले गई थी, जहां उनके साथ कथित तौर पर मारपीट की गई और थर्ड डिग्री का इस्तेमाल कर उन्हें प्रताड़ित किया गया।तरुण महतो झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की ओर से इचागढ़ विधानसभा सीट के प्रत्याशी रह चुके हैं। इस घटना को लेकर उनकी पत्नी ने झारखंड उच्च न्यायालय के मु य न्यायाधीश को पत्र लिखकर शिकायत की थी। पत्र में उठाए गए मुद्दों के आधार पर अदालत ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था।मामले की पिछली सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने सरायकेला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को संबंधित दस्तावेजों के साथ अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। अब अदालत ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए शुरू की गई निविदा प्रक्रिया की प्रगति पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है।इस मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रितेश कुमार महतो ने पक्ष रखा, जबकि राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता रोहित राय ने अदालत को जानकारी दी।

धनबाद और जमशेदपुर में भी होंगे अब कांग्रेस के महानगर के अध्यक्ष, आलाकमान ने दी सहमति

रांची। धनबाद और जमशेदपुर में भी अब कांग्रेस महानगर के अध्यक्ष के पद पर पार्टी के पाधिकारियों का मनोनयन किया जाएगा। इसे लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यपक्ष केशव महतो कमलेश के प्रस्तावि पर पार्टी आलाकमान ने भी सहमति दे दी है।इस निर्णय से दोनों शहरों में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी।इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रदेश अध्यक्ष संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और पार्टी की सांगठनिक संरचना को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं।सिन्हा ने कहा कि धनबाद और जमशेदपुर झारखंड के प्रमुख शहरी केंद्र हैं। इन दोनों शहरों में महानगर अध्यक्षों की नियुक्ति से संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और जनसमस्याओं को मजबूती से उठाने के लिए पार्टी को एक प्रभावी सांगठनिक मंच मिलेगा।महानगर अध्यक्षों के मनोनयन से पार्टी की सांगठनिक जि मेदारियों का बेहतर निर्वहन होगा और स्थानीय स्तर पर कांग्रेस की गतिविधियों को नई गति मिलेगी।सिन्हा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी का उद्देश्य केवल संगठनात्मक ढांचे का विस्तार करना नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को जनता के बीच सक्रिय रखते हुए आम लोगों की समस्याओं और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष को और प्रभावी बनाना है। धनबाद और जमशेदपुर में महानगर अध्यक्षों के मनोनयन का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

धनबाद में 40 लाख के प्रतिबंधित वन्य जीवन सामग्री के साथ तीन गिरफ्तार

धनबाद । धनबाद में वन्यजीवों की तस्करी के एक मामले का वन विभाग ने बड़ा खुलासा किया है। मेमको मोड़ स्थित एक निजी होटल में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वन विभाग ने इनके पास से वन्यजीवों से जुड़े कुल 35 प्रतिबंधित आर्टिकल जब्त किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 35 से 40 लाख रुपये बताई जा रही है। बरामद सामग्री में लैपर्ड यानी तेंदुए के नाखून, दांत, रीढ़ की हड्डी और खाल से जुड़े आर्टिकल होने की बात सामने आई है। इसके अलावा पेंगोलिन से संबंधित सामग्री होने की भी आशंका है। वन विभाग की टीम ने करीब सात दिनों तक संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी और फिर ग्राहक बनकर होटल पहुंची। इसके बाद साक्ष्य के साथ तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल वन विभाग पूरे नेटवर्क की जांच में जुटा है।

रिम्स में 466 करोड़ की लागत से खुलेंगे 10 नए विभाग : इरफान

संताल एक्सप्रेस

रांची। रिम्स में 466 करोड़ रुपये की लागत से 10 नए विभाग खुलेंगे। इसके साथ ही यहां पीजी सीटें की संख्या 256 और सुपर स्पेशियलिटी विभाग की सीटों की संख्या 150 की जाएंगी। यह निर्णय गुरूवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में रिम्स, रांची की 66वीं शासी परिषद् की बैठक में लिया गया।बैठक में संस्थान के विकास, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार, चिकित्सा शिक्षा, मानव संसाधन और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार से जुड़े 16 एजेंडों पर चर्चा की गई।मौके पर मंत्री ने कहा कि रिम्स में मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, एंडोक्राइनोलॉजी, क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी, क्लिनिकल हेमेटोलॉजी, कार्डियक एनेस्थीसिया, न्यूरो एनेस्थीसिया, इमरजेंसी मेडिसिन, मेडिकल जेनेटिक्स, न्यूक्लियर मेडिसिन और हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन जैसे 10 नए विभाग स्थापित करने की पहल की गई है। इससे गंभीर एवं जटिल बीमारियों के उपचार, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को मजबूती मिलने की उम्मीद है।उन्होंने पीजी और सुपर स्पेशियलिटी सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा कि रिम्स में वर्तमान में एमबीबीएस की 250 सीटें हैं। पीजी की सीटें 176 से बढ़ाकर 256 और सुपर स्पेशियलिटी की सीटें 11 से बढ़ाकर 150 करने के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, फैकल्टी के पद निर्धारित मानकों के अनुरूप 319 से बढ़ाकर 335 करने का निर्णय लिया गया है।नॉन-टीचिंग पदों का पुनर्गठन करते हुए स्वीकृत 1,962 पदों में से 100 पद कम कर कुल 1,862 पद रखने का प्रस्ताव है।नर्स, हॉस्पिटल मैनेजर और आयुष्मान मित्रों की नियुक्ति पर मंत्री ने कहा कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 106 नए नर्स पद सृजित करने और 12 हॉस्पिटल मैनेजर नियुक्त करने की पहल की जाएगी।

वेंटिलेटर, बर्न वार्ड और दूसरी सुविधाओं पर जोर देते हुए मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि गंभीर मरीजों और इमरजेंसी सेवाओं की जरूरतों को देखते हुए 200 से अधिक वेंटिलेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कार्रवाई पर जोर दिया गया। अल्ट्रासाउंड, इको और एक्स-रे जांच सुविधाओं के विस्तार तथा आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने का निर्देश भी दिया गया।वहीं अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि रिम्स को झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था का मजबूत बैकअप बनाना जरूरी है।बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, विशेष सचिव डॉ नेहा अरोड़ा, अपर सचिव शशि प्रकाश सिंह, रिम्स निदेशक डॉ डीके सिन्हा, अपर निदेशक वाघमारे प्रसाद कृष्ण सहित अन्य मौजूद थे।

वेतन 18 हजार करने और बोनस की मांग पर नगर निगम सफाईकर्मियों का प्रदर्शन

रांची। नगर निगम के सैकड़ों सफाईकर्मियों ने मासिक वेतन 18 हजार रुपए करने और बोनस देने की मांग को लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल सफाईकर्मियों ने नगर निगम प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शहर की सफाई करने वाले कर्मियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।नगर निगम को कई बार लिखित आवेदन दिया गया। इसके बावजूद उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।सफाईकर्मियों ने बताया कि शहर को चार जोन में बांटकर सफाई कराई जा रही है। नगर निगम क्षेत्र की सफाई के लिए कर्मियों को केवल एक ड्रेस देकर काम पर भेज दिया जाता है। सड़क और नालियों की सफाई के दौरान उन्हें ग्लव्स तक नहीं दिए जाते। कई बार झाड़ू भी उपलब्ध नहीं कराई जाती, जिसके कारण कर्मियों को अपने पैसे से झाड़ू खरीदकर सफाई करनी पड़ती है।प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सफाई के दौरान तबीयत खराब होने पर सुपरवाइजर वेतन काट लेते हैं। साथ ही काम से निकालने की धमकी भी दी जाती है। सफाईकर्मियों ने कहा कि शहर की साफ-सफाई की जिम्मेदारी निभाने के बावजूद उन्हें जरूरी सुविधाएं और सम्मान नहीं मिल रहा है।कर्मियों ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में करीब 2 हजार सफाईकर्मी कार्यरत हैं।इनमें लगभग 500 कर्मी कचरा उठाव का काम करते हैं।इसके बावजूद सफाई के लिए जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं।सफाईकर्मियों ने बताया कि बीमार पड़ने की स्थिति में इलाज की सुविधा के लिए उनका एसआई कार्ड बनाया गया है।

रांची के जिला स्कूल की बदहाली पर हाई कोर्ट नाराज

रांची। रांची स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्कूल (जिला स्कूल) और उसके छात्रावास की जर्जर स्थिति पर झारखंड उच्च नयायालय ने नाराजगी जताई है।गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने स्कूल की स्थिति से संबंधित तस्वीरें देखीं और मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस अपने नाम के अनुरूप बेहतर होना चाहिए था, लेकिन स्कूल भवन और छात्रावास की हालत पीड़ादायक है।उच्च नयायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को 28 अक्टूबर तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तारीख निर्धारित की है।इस मामले में उच्च नयायालय की तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने एक स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित खबर पर स्वत- संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था। खबर में जिला स्कूल के भवन के जीर्णोद्धार में देरी और छात्रावास की बदहाल स्थिति को उजागर किया गया था। इसमें बताया गया था कि स्कूल भवन के जीर्णोद्धार से संबंधित फाइल लंबे समय से अटकी हुई है, जबकि छात्रावास की स्थिति लगातार बिगड़ रही है।रिपोर्ट के मुताबिक, छात्रावास में करीब 100 विद्यार्थी जर्जर इमारत में रहने को मजबूर हैं और हर दिन खतरे के बीच समय गुजार रहे हैं। दीवारों से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। नमी और गंदगी के कारण दीवारें बदरंग हो चुकी हैं, जबकि कई कमरों की छत क्षतिग्रस्त है और जगह-जगह से प्लास्टर झड़ रहा है। ऐसे हालात में विद्यार्थियों को छत का हिस्सा गिरने का डर सताता रहता है।

आवास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं :संयुक्त सचिव

साहिबगंज । सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग झारखंड रांची जितेन्द्र कुमार देव की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन सभागार में ग्रामीण आवास योजनाओं की विस्तृत प्रखंडवार समीक्षा बैठक हुई. बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, अबुआ आवास योजना एवं पीएम-जनमन आवास योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी निर्धारित इंडिकेटर पर समयबद्ध एवं प्रभावी प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया.समीक्षा के दौरान श्री देव ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवास योजनाओं के क्रियान्वयन में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप तेजी लाएं तथा निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें. उन्होंने योजनाओं के विभिन्न इंडिकेटर की नियमित निगरानी, लंबित कार्यों के त्वरित निष्पादन तथा लाभुकों को योजनाओं का समय पर लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया. साथ ही प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया.बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया.

बरहेट प्रखंड में आवासों का निरीक्षण एवं लाभुक का गृह प्रवेश

समीक्षा बैठक के उपरांत संयुक्त सचिव जितेन्द्र कुमार देव ने बरहेट प्रखंड में आवास योजनाओं के तहत् निर्मित आवासों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने आवास निर्माण की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की.

डैम में दो युवकों की डूबने से मौत

कोडरमा। जिले के प्रसिद्ध तिलैया डैम में गुरुवार शाम दर्दनाक हादसे में दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। दोनों युवक बिहार से अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने पहुंचे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार बिहारशरीफ और पटना से पांच युवक ट्रेन से कोडरमा स्टेशन पहुंचे थे।यहां से सभी तिलैया डैम घूमने गए और दोस्त का जन्मदिन मनाने के बाद नहाने के लिए पानी में उतर गए। इसी दौरान चार युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक नशे की हालत में थे। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दो युवक गहरे पानी में समा गए।दोनों की डूबने से मौत हो गई।

पूर्व रेलवे

ठिका़ खो़बो़र सं.: ईएल-59-26, ता़रिक 13.10.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (साधारो़न), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते नामी ठिका़दारको ओ़को़यठेन दो़ लेकमान वैध विद्युत ठेकेदार रेयाक् लाइसेंस मेनाक्आ आर नोवाको का़मी पुरा़उ रे वित्तीय रूप तेको दाड़ेयाक्आ, ओनको ठेन ई-ठिका़ले नेवतायेत् काना: **का़मी ञुतुम आर नोआ रेयाक् ठाँव:** आसनसोल मंडल - आसनसोल मंडल रे 7 गोटेच् स्टेशनको आर 10 लेवल क्रॉसिंग गेटको रेयाक् विद्युतीकरण, मारीनाक् बा़ड़िच्आक् एटी केबल बो़दो़लगो़त्काक्। **ठिका़ गो़नो़ङ:** रू. 5,13,630.60, **ठिका़ कागो़जको रेयाक् गो़नो़ङ:** शून्य। **बायना टाका:** रू. 10,300/-, **का़मी मुचा़द सो़मो़य:** 12 चान्दो। **बों़दो़क् आर खुला़क् ता़रिक आर सो़मो़य:** ता़रिक 06.11.2026 हिलोक् 11.00 बजे। पुरा़उ विवो़रोन दो़ रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रेपे ञेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-293/2026-27)

ठिका़ खो़बो़रको दो़ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों **बेबो़सता आकान मेनाक्आ।**

नों़डे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

विकास योजनाओं में देरी बर्दाश्त नहीं लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्रवाई: डीसी

जामताड़ा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा कर विकास कार्यों में तेजी लाने और आपसी तालमेल मजबूत करने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने लंबित वनाधिकार पट्टा मामलों के शीघ्र निपटारे तथा नौ स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए एक सप्ताह में भूमि प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया। आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के लिए पंचायत स्तर पर शिविर लगाने को कहा।बैठक में चार उच्च विद्यालयों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित करने, मध्याह्न भोजन नियमित कराने और अनधिकृत स्पीड ब्रेकर हटाने पर भी चर्चा हुई। दुर्गापूजा के मद्देनजर बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा पूजा पंडालों में सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।मौके पर डीडीसी असीम किस्पोट्टा, एडीसी पूनम कच्छप, एसडीओ अनंत कुमार, सिविल सर्जन डॉ. एसके मिश्रा, सत्यप्रकाश, पंकज कुमार रवि, कयूम अंसारी, मुकेश कुमार और चार्ल्स हेम्ब्रम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

चरका पहाड़ी के नव दुर्गा पूजा पंडाल में आगजनी से मचा हड़कंप

मिहिजाम। दुर्गापूजा के उत्सवी माहौल के बीच चरका पहाड़ी स्थित नव दुर्गा पूजा पंडाल में आग लगाए जाने की कथित घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पूजा के बीच हुई इस घटना से लोगों में नाराजगी और चिंता देखी गई।जानकारी के अनुसार, पंडाल में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान और मिहिजाम थाना प्रभारी प्रदीप राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। वहीं, दमकल की गाड़ी ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। घटना में पंडाल को नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है।पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल आग लगने के कारणों और इसमें शामिल लोगों की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

दुर्गापूजा के बीच आर्थिक संकट से जूझ रहे कर्मचारी, नगर पंचायत के खिलाफ लगाए नारे

जामताड़ा। शहर को स्वच्छ रखने वाले सफाईकर्मियों को जब तीन महीने तक मेहनताना नहीं मिला, तो उनका आक्रोश सड़कों पर उतर आया। गुरुवार को वेतन भुगतान में देरी से नाराज कर्मचारियों ने कामकाज ठप कर दिया और कायस्थ पाड़ा, मुख्य बाजार, टावर चौक समेत कई स्थानों पर कचरा फैलाकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान 'नगर पंचायत अध्यक्ष मुर्दाबाद' और 'बकाया वेतन का भुगतान करो' जैसे नारों से माहौल गरमा गया।प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने बताया कि वे प्रतिदिन शहर की सफाई में जुटे रहते हैं, लेकिन तीन महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार का भरण-पोषण मुश्किल हो गया है। घर का राशन, बच्चों की पढ़ाई, दवाइयों और अन्य जरूरी खर्चों का इंतजाम करना चुनौती बन गया है। दुर्गापूजा के मौके पर आर्थिक तंगी ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। कर्मचारियों ने जल्द बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की।वहीं, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने वेतन भुगतान में देरी के पीछे ट्रेजरी की तकनीकी समस्या को वजह बताया। उन्होंने जल्द भुगतान होने की उम्मीद जताई।सफाईकर्मियों के आंदोलन से शहर के प्रमुख इलाकों में गंदगी फैलने के कारण दुकानदारों और राहगीरों को भी परेशानी हुई। अब नगर पंचायत के सामने कर्मचारियों का बकाया वेतन चुकाने के साथ शहर की सफाई व्यवस्था सामान्य करने की चुनौती है।

मेहरमा में तीन चोरी के आरोपित गिरफ्तार

मेहरमा। थाना क्षेत्र स्थित कन्या उच्च विद्यालय से आठ पंखे और सीसीटीवी कैमरा चोरी होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए सभी सामानों को भी बरामद कर लिया है। इस कार्रवाई से चोरीकांड का उद्भेदन करने में पुलिस को सफलता मिली है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 14 अक्टूबर को मेहरमा स्थित कन्या उच्च विद्यालय से अज्ञात चोरों ने आठ पंखे और एक सीसीटीवी कैमरा चोरी कर लिया था। घटना को लेकर मेहरमा थाना सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बनौधा गांव निवासी श्रीराम कुमार पासवान , पिता पंकज पासवान, मोनू कुमार , पिता संजय कपूर तथा गोलू कुमार पिता सुधांशू पासवान के रूप में हुई है।

महिला किसानों की मेहनत को मिला सम्मान

जामताड़ा। आत्मा सभागार, सरखेलडीह में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष एवं महिला किसान दिवस 2026 के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष दीपिका बेसरा की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।कार्यक्रम में अपर समाहर्ता पूनम कश्यप, जिला कृषि पदाधिकारी अनूप कुमार हेंब्रम, आत्मा के परियोजना निदेशक संजय कुमार सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक अंजलि मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि और प्रगतिशील महिला किसान शामिल हुईं।वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों और कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण से महिलाओं की आय में वृद्धि की जा सकती है। मंडुआ उत्पादन के साथ जैम-जेली, अचार और पापड़ निर्माण जैसे कार्यों को स्वरोजगार का बेहतर माध्यम बताया गया। व्यावसायिक खेती, उत्पादों के विपणन और समूह आधारित उद्यमों को अपनाने पर भी बल दिया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य महिला किसानों को प्रोत्साहित कर कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका को मजबूत करना रहा।

करमाटांड़ में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

करमाटांड़। थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल कायम करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा करमाटांड़ थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में फ्लैग मार्च (फ्लाइंग मार्च) निकाला गया।इस फ्लैग मार्च की अगुवाई स्थानीय पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक बल द्वारा की गई। यह मार्च करमाटांड़ थाना परिसर से शुरू होकर बाजार के प्रमुख चौराहों, मुख्य मार्गों, संवेदनशील स्थानों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरा।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने पूरी सतर्कता बरती और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की शांतिभंग या उपद्रव की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने स्थानीय दुकानदारों, व्यापारियों और आम जनता से संवाद साधा और उनसे निडर होकर अपना व्यवसाय और दैनिक कार्य करने की अपील की।प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि यह कदम क्षेत्र में शांति, सौहार्द और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए उठाया गया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने का अनुरोध किया गया है।फ्लैग मार्च के दौरान पूरे बाजार क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है, जिससे असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।पुलिस प्रशासन के इस फ्लैग मार्च से स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों के बीच सुरक्षा की भावना बढ़ी है ।

दुर्गापूजा में डीजे बजाने पर प्रतिबंध, उल्लंघन करने पर होगी कानूनी कार्रवाई : डीसी

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। दुर्गापूजा का त्योहार शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गोड्डा जिला प्रशासन ने आम नागरिकों, पूजा समितियों और डीजे संचालकों से निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की है। जिला प्रशासन की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, दुर्गापूजा पर्व 11 अक्टूबर से कलश स्थापना के साथ शुरू होकर 20 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। वहीं, गोड्डा शहरी क्षेत्र में 22 अक्टूबर और ग्रामीण क्षेत्रों में 23 अक्टूबर को दुर्गापूजा प्रतिमाओं का विसर्जन प्रस्तावित है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में पर्व-त्योहार, जुलूस और शादी-विवाह सहित अन्य अवसरों पर डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध है। पूरे गोड्डा अनुमंडल क्षेत्र में डीजे बजाने पर रोक लगाई गई है। डीजे दुकानदारों और संचालकों को बाजा किराये पर नहीं देने तथा आम लोगों को भी इसका इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया गया है।

डीजे बजाने पर जब्ती और कानूनी कार्रवाई

प्रशासन के अनुसार, डीजे का उपयोग करते हुए पकड़े जाने पर संबंधित उपकरण जब्त किए जा सकते हैं। इसके साथ ही डीजे दुकानदारों और संचालकों के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियमावली, 2000, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 तथा अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।जिला प्रशासन ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय ने ध्वनि प्रदूषण पर चिंता जताते हुए संबंधित नियमों के प्रभावी अनुपालन और प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया है। न्यायालय के आदेश के अनुसार, डीजे के साथ जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश का उल्लंघन न्यायालय की अवमानना का मामला भी बन सकता है।

रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर पर रोक

प्रशासन ने लाउडस्पीकर और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। दिन के समय भी निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करना अनिवार्य होगा। लाउडस्पीकर पर उत्तेजक, भड़काऊ या अश्लील गाने बजाने के साथ विवादास्पद भाषण और नारे लगाने पर भी रोक रहेगी।

अस्पताल और शिक्षण संस्थानों के आसपास शांत क्षेत्र

जिला प्रशासन ने गोड्डा जिले के सभी अस्पतालों, नर्सिंग होम, स्कूल-कॉलेजों और न्यायालय परिसरों के 100 मीटर की परिधि वाले क्षेत्र को शांत क्षेत्र घोषित किया है। इन क्षेत्रों में सक्षम प्राधिकार की लिखित अनुमति के बिना लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। शांत क्षेत्रों के लिए दिन में 50 और रात में 40 डेसीबल की ध्वनि सीमा निर्धारित है।जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे दुर्गापूजा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखने और आपसी सौहार्द कायम रखने में सहयोग करें।

गोड्डा में डांडिया और गरबा हमारी संस्कृति की खूबसूरत विरासत : एसडीएम

संवाददातर गोड्डा। गांधी नगर गांधी स्थित शुभदा विवाह भवन में गुरुकुल डांस एकेडमी की ओर से आयोजित गरबा एवं डांडिया वर्कशॉप के उद्घाटन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने कहा कि डांडिया एवं गरबा नृत्य हमारी सनातनी संस्कृति की गौरवशाली और खूबसूरत विरासत हैं। ये नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी परंपराओं, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकता के प्रतीक भी हैं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नृत्य और संगीत का विशेष महत्व रहा है। नवरात्र के अवसर पर गरबा एवं डांडिया का आयोजन मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ सामाजिक एकता और उत्साह का भी संदेश देता है। उन्होंने इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। साथ ही, सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में भी ऐसे आयोजनों की अहम भूमिका होती है।कार्यक्रम में बतौर अति विशिष्ट अतिथि जिला खेल एवं कला-संस्कृति पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो उपस्थित रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व नगर अध्यक्ष जितेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू मंडल, दिशा सदस्य संतोष सिंह, जिला कला-संस्कृति संयोजक सुरजीत झा, हॉकी गोड्डा के अध्यक्ष मनोज कुमार पप्पू, जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, जननी सेवा ट्रस्ट के सचिव अमरेंद्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता पिंटू जायसवाल, संत मेही पब्लिक स्कूल, दलदली के निदेशक प्रवीण कुमार साह एवं जननी सेवा ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य विष्णु मंडल मौजूद थे।वर्कशॉप के उद्घाटन अवसर पर प्रशिक्षु बालिकाओं और उनके अभिभावकों की भी अच्छी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को गरबा एवं डांडिया नृत्य की बारीकियों से परिचित कराने और उन्हें आगामी सांस्कृतिक आयोजन के लिए तैयार करने का उद्देश्य रखा गया है। आयोजन ने नवरात्र को लेकर शहर में सांस्कृतिक उत्साह का माहौल बनाने की दिशा में पहल की है।मंच संचालन प्रसिद्ध उद्घोषक मनीष कुमार सिंह ने किया, जबकि अमित सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और प्रशिक्षु बालिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

नवरात्र में गांधी मैदान में सजेगी डांडिया नाइट 3.0 की महफिल

गुरुकुल डांस एकेडमी की ओर से नवरात्र के अवसर पर सप्तमी की शाम स्थानीय गांधी मैदान में डांडिया नाइट 3.0 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में गरबा और डांडिया नृत्य के माध्यम से उत्सव की रंगीन छटा देखने को मिलेगी। आयोजन को लेकर प्रतिभागियों में उत्साह है। वर्कशॉप के जरिए प्रशिक्षु बालिकाएं इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अभ्यास कर रही हैं। डांडिया नाइट के माध्यम से शहरवासियों को नवरात्र के उल्लास के बीच पारंपरिक नृत्य और संगीत का आनंद लेने का अवसर मिलेगा।

गोड्डा में फंदे से लटका मिला 12वीं का छात्र

गोड्डा। शहर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहे 12वीं के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। छात्र का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस अब छात्र की मौत से जुड़े घटनाक्रम को समझने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है।मृतक की पहचान मल्हारा गांव निवासी बाल किशोर पंडित के पुत्र गोपाल पंडित के रूप में हुई है। वह प्लस टू उच्च विद्यालय जमनी पहाड़पुर में कक्षा 12वीं का छात्र था। दो भाइयों में गोपाल छोटा था और पिछले दो वर्षों से गोड्डा शहर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह केंद्रीय विद्यालय के बगल की गली स्थित कंचन लॉज के एक किराए के कमरे में रहता था।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे की मौत की खबर सुनकर परिवार के लोग आनन-फानन में गोड्डा पहुंचे। पढ़ाई के लिए घर से दूर रह रहे बेटे की इस तरह मौत होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

करमाटांड़ में विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया

करमाटांड़ । विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026 को जामताड़ा जिले के करमाटांड़ प्रखंड स्थित आईटीआई कॉलेज में जल जनभागीदारी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को हाथों की स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को नियमित रूप से हाथ धोने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि भोजन करने से पहले, शौचालय का उपयोग करने के बाद तथा गंदगी के संपर्क में आने पर साबुन से अच्छी तरह हाथ धोना चाहिए। हाथों की नियमित सफाई से कई तरह की बीमारियों और संक्रमणों से बचाव किया जा सकता है।इस अवसर पर स्वच्छता को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए लोगों को अपने घर, शिक्षण संस्थान और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि हाथ धोने की आदत अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में स्वच्छता को प्राथमिकता देनी चाहिए।कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं और आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

गोड्डा में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

गोड्डा। शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गोड्डा पुलिस पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व सदर पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक एवं मुफस्सिल थाना प्रभारी आनंद साह ने किया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा आम लोगों को शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने दुर्गा पूजा समितियों के सदस्यों एवं क्षेत्र के प्रबुद्धजनों से बातचीत की। इस दौरान पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा कायम रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने पर जोर दिया गया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

फुटबॉल चैंपियनशिप सीजन-8 का आगाज



करमाटांड़ (जामताड़ा)। करमाटांड़ प्रखंड के सहजपुर मैदान में आदिवासी नवयुवक संघ समिति की ओर से आयोजित मातकोम बेड़ा फुटबॉल चैंपियनशिप ट्रॉफी सीजन-8 का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। तीन दिवसीय इस फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं जिला परिषद प्रत्याशी विक्की मंडल ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में झारखंड समेत अन्य राज्यों की कई टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में खेल संयोजक अनिल टुडू की महत्वपूर्ण भूमिका है।प्रतियोगिता के पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। उद्घाटन मैच लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) और दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) के बीच खेला गया। दूसरा मुकाबला धनबाद और जगन्नाथपुर जामनगर के बीच हुआ। तीसरे मैच में रामगढ़ और निरसा (धनबाद) की टीमें आमने-सामने रहीं। वहीं, दिन का अंतिम मुकाबला साहिबगंज और इलेवन दुमका के बीच खेला गया। पहले दिन के मुकाबलों के समापन तक सहजपुर (जामताड़ा) की टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विक्की मंडल ने कहा कि फुटबॉल इस क्षेत्र के युवाओं का लोकप्रिय खेल है।

गोड्डा में आवास प्लस 2.0 की स्थायी प्रतीक्षा सूची के अनुमोदन पर मंथन

गोड्डा। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के आधार पर तैयार की जा रही लाभुकों की स्थायी प्रतीक्षा सूची के अंतिम अनुमोदन एवं प्रकाशन को लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय अपीलीय समिति की बैठक हुई। उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सूची की समीक्षा, लाभुकों की पात्रता के सत्यापन तथा प्राप्त शिकायतों और आपत्तियों के निष्पादन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।बैठक में उपायुक्त ने जोर दिया कि स्थायी प्रतीक्षा सूची के अंतिम प्रकाशन से पहले सभी संबंधित मामलों की नियमानुसार जांच और समीक्षा की जाए। उन्होंने प्राप्त शिकायतों, आपत्तियों एवं अपीलों का पारदर्शी तरीके से निष्पादन करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ वास्तविक और पात्र लाभुकों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। इसके लिए पात्रता संबंधी मामलों की जांच और शिकायतों के निष्पादन में पारदर्शिता बरतने की आवश्यकता है।ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार तथा भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्थायी प्रतीक्षा सूची के अंतिम प्रकाशन से पूर्व जिला स्तरीय अपीलीय समिति का अनुमोदन आवश्यक है। इसी क्रम में समिति ने सूची से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए अंतिम अनुमोदन एवं प्रकाशन की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष बेबी देवी, उप विकास आयुक्त विस्पुते कांत यशवंत तथा संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

नवजात की मौत मामले में एंबुलेंस चालक बर्खास्त

पोड़ैयाहाट। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एंबुलेंस चालक दीपक कुमार पंडित को सेवा से कार्यमुक्त कर दिया गया है। नवजात शिशु की मौत के मामले में गठित जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर जिला प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने 15 अक्टूबर को संबंधित चालक को सेवा से कार्यमुक्त करने की कार्रवाई की।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पोड़ैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक नवजात शिशु को सदर अस्पताल, गोड्डा ले जाने के दौरान एंबुलेंस चालक पर ईंधन के नाम पर राशि मांगने का आरोप लगा था। साथ ही, ऑक्सीजन के अभाव में नवजात की मौत होने का मामला भी सामने आया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त के निर्देश पर जांच समिति गठित की गई थी।जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर 13 अक्टूबर 2026 को संबंधित कर्मी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने चालक दीपक कुमार पंडित को सेवा से कार्यमुक्त कर दिया। जिला प्रशासन की ओर से मामले में जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

भीषण अगलगी से 4 दुकानें जलकर राख

बसंतराय। प्रखंड क्षेत्र की कैथिया पंचायत अंतर्गत गोपीचक गांव में बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे अचानक आग लगने से चार दुकानें जलकर राख हो गईं। इस अगलगी में दुकानों में रखा सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना में दुकानदारों को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। आग लगने के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। वहीं, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह गोपीचक गांव में अचानक दुकानों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की चार दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रभावित दुकानों में जनरल स्टोर, मनिहारा और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानें शामिल हैं। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दुकानदारों को सामान बाहर निकालने तक का मौका नहीं मिला। आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और आग बुझाने में लग गए। आग

नशामुक्त भारत से ही विकसित भारत का सपना होगा साकार : एसडीपीओ

मेहरमा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एसआरटी महाविद्यालय, धमड़ी में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार नशामुक्त भारत फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महागामा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक, मेहरमा प्रभाग की पुलिस निरीक्षक रूबी मिंज,सिन्हा इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन निरंजन कुमार सिन्हा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शंभू कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शंभू कुमार सिंह ने अतिथियों का अंगवस्त्र एवं बुके भेंटकर स्वागत किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ वरुण रजक ने कहा कि नशामुक्त भारत के निर्माण और देश को विकसित बनाने में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। प्राचार्य डॉ. शंभू कुमार सिंह ने भी नशामुक्त भारत अभियान के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर डॉ. अजय कांत, प्रो. निमाई चंद्र दास, प्रो. नीरज कुमार, डॉ. देव, डॉ. पल्लवी कुमारी, प्रो. एलिजाबेथ मरांडी, डॉ. अभय दूबे, प्रो. जयशंकर तिवारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व कर्मचारी मौजूद रहे।

झामुमो ने रूपी सोरेन को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को रामगढ़ जिले के नेमरा में मुलाकात कर झामुमो के जामताड़ा जिला सचिव ने स्वर्गीय रूपी सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय रूपी सोरेन को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।इस अवसर पर झामुमो के जामताड़ा जिला सचिव एवं सोशल मीडिया प्रभारी मो. शफीक अंसारी भी मौजूद रहे। नेमरा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के दौरान स्वर्गीय रूपी सोरेन के प्रति सम्मान और श्रद्धा प्रकट की गई।उल्लेखनीय है कि नेमरा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पैतृक गांव है। यहां स्वर्गीय रूपी सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचकर झामुमो नेताओं ने उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस मौके पर दिवंगत आत्मा के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।मुख्य रूप से उपस्थित- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झामुमो जामताड़ा जिला सचिव तथा सोशल मीडिया प्रभारी जामताड़ा मो. शफीक अंसारी।

देवली में हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन

नाला (जामताड़ा)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के आधारित गतिविधि के तहत गुरुवार को हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर देवली,पियालसोला, मोहनपुर,सियालजुडी,छोटा घोलजोड़, बारघरिया, गेडिया पंचायत अंतर्गत केशोडी,लाकड़ाकुंदा, सहित विभिन्न ग्राम पंचायत के विद्यालयों तथा गांव में हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी तथा स्कुली बच्चों को भी हाथ धुलाई कार्यक्रम के तहत स्वच्छता के विभिन्न आयामों की जानकारी दी गई साथ ही हाथ धुलाई के विभिन्न स्टेप के बारे में बताया गया।इसके अलावे संक्रमण से होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचने के बारे में भी जलसहिया के द्वारा जानकारी दी गई। इस अवसर पर मास्टर जलसहिया मल्लिका नंदी, उर्मिला टुडू, चंदना महतो, मिरूदी मुर्मू सहित सेविका सहायिका एवं ग्रामीण मौजूद थे।

सुप्रीम कोर्ट की राहुल को फटकार

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आज कोर्ट में राहुल गांधी को जमकर फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश कहा कि कोई भी न्यायपालिका को धमका नहीं सकता। ये फटकार राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक को थी, जिन्होंने दो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट तक मार्च किया था।

12 अक्टूबर को राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव, महुआ मोइत्रा समेत 120 सांसदों ने एक मार्च निकाला - विजय चौक से सुप्रीम कोर्ट तक। एसआईआर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर आरोप लगाया है। चुनाव आयोग ने 13 करोड़ वोट काटे, सीईसी ज्ञानेश कुमार भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। मार्च सुप्रीम कोर्ट के गेट तक पहुंचा, अंदर परिसर में नारेबाजी की - वोट चोर गद्दी छोड़ो, चुनाव आयोग होश में आओ÷। 2000 कार्यकर्ता और नेता बैनर, पोस्टर लेकर सुप्रीम कोर्ट आए। सरकार के वकील गौरव भाटिया ने कोर्ट में कहा - ये क्या है? कोर्ट पर राजनीतिक दबाव? कोर्ट को घेरना? ऐसा कभी नहीं हुआ।सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा - ये न्यायपालिका को डराने की कोशिश है।सीजेआई ने कहा - हम राहुल गांधी की याचिका पर नोटिस जारी कर रहे हैं, पर साथ में राहुल गांधी को अपने आचरण पर स्पष्टीकरण भी देना होगा।मतलब - आपकी याचिका सुनेंगे, पर आपने जो कोर्ट परिसर में भीड़ जुटाई, उसका जवाब भी दो। कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का आदेश दिया - 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट परिसर में क्या-क्या हुआ, सब रिकॉर्ड सुरक्षित रहे। कोर्ट ने साफ कहा - ÷हमने चुनाव आयोग और सीईसी को नोटिस दिया है, इसका मतलब ये नहीं कि हम याचिकाकर्ता के आरोपों को सही मान रहे हैं। ये राहुल के लिए झटका है। राहुल कह रहे थे - कोर्ट ने नोटिस दिया, मतलब हमारी बात में दम है। कोर्ट ने कहा - नोटिस तो प्रक्रिया है, फैसला नहीं। सीजेआई ने कहा - हम जानते हैं बाहर क्या बयानबाजी हो रही है, हम आइवरी टावर में नहीं बैठे।और साथ ही जंतर-मंतर का जिक्र - प्रदर्शन के लिए जगह तय है, सुप्रीम कोर्ट प्रदर्शन की जगह नहीं। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने कहा था - जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल के रूप में बहाल किया जाए। अब उसी का हवाला देकर कहा - वहां जाओ, यहां नहीं। फटकार सिर्फ राहुल को नहीं, चुनाव आयोग को भी। कोर्ट ने सीईसी ज्ञानेश कुमार, आयुक्त सुखबीर संधू, विवेक जोशी को नोटिस - एसआईआर में कितने है नाम काटे, क्यों काटे, दस्तावेज क्या लिए, बूथवार लिस्ट दो। पहला - राजनीतिक। राहुल गांधी ने एसआईआर को वोट चोरी बनाकर बड़ा नैरेटिव बनाया था। सोचा था - सुप्रीम कोर्ट में मार्च से दबाव बनेगा, कोर्ट सख्त टिप्पणी करेगा। उल्टा हो गया - कोर्ट ने राहुल को ही कटघरे में खड़ा कर दिया।भाजपा तुरंत बोली - राहुल न्यायपालिका को भी नहीं छोड़ते, सेना पर सवाल, चुनाव आयोग पर सवाल, अब कोर्ट पर दबाव। दूसरा - कानूनी। अब राहुल को हलफनामा देना होगा - मार्च का उद्देश्य क्या था? भीड़ क्यों लाए?। अगर जवाब संतोषजनक नहीं तो कोर्ट अवमानना तक जा सकता है। कोर्ट ने कह दिया - सड़क को कोर्ट में मत लाओ। ये कांग्रेस की पूरी लाइन को तोड़ता है।अब कांग्रेस को तय करना होगा - क्या वो कोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ेगी या सड़क पर राजनीति? दोनों एक साथ नहीं चलेगा।भाजपा प्रवक्ता भी बोले - सुप्रीम कोर्ट ने राहुल की गुंडागर्दी को फटकारा है।और चुनाव आयोग भी अब कहेगा - देखो, हम पर दबाव बनाया जा रहा था, कोर्ट ने माना। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़ दिया है - जो पहले से लंबित थीं, और जो नई हैं। अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को। चुनाव आयोग को बताना होगा - 13 करोड़ नाम कैसे कटे? हर नाम का कारण क्या?राहुल गांधी को बताना होगा - मार्च क्यों निकाला? कोर्ट परिसर में भीड़ लेकर क्यों आए? अगर चुनाव आयोग संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया तो कोर्ट एसआईआर पर रोक लगा सकता है या नया नियम बना सकता है - ÷नाम काटने से पहले नोटिस जरूरी।अगर राहुल गांधी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए तो कोर्ट सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ देगा, ऐसा नहीं होगा। राहुल गांधी पर अवमानना का मामला चल सकता है। ये फटकार सिर्फ राहुल गांधी के साथ साथ पूरी राजनीति को है। सुप्रीम कोर्ट कह रहा है - हम सब देख रहे हैं। न चुनाव आयोग को बख्शेंगे, न विपक्ष को। पर कोर्ट को अखाड़ा मत बनाओ।

राहुल गांधी के लिए ये सबक है - जनता के बीच वोट चोरी कहना राजनीति है, पर कोर्ट के गेट पर भीड़ लाना रणनीति की गलती।

विश्व खाद्य दिवसः चुनौतियाँ, समाधान और भविष्य की राह

खाद्य दिवस पर विशेष

सुनील कुमार महला

/ विश्व से भुखमरी दूर करने, खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने और धरती के हर व्यक्ति को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। दरअसल, यहां पर यह कहना ग़लत नहीं होगा कि भोजन मानव का मूल अधिकार है, क्योंकि पर्याप्त और पौष्टिक भोजन के बिना स्वस्थ जीवन, शिक्षा और कार्यक्षमता प्रभावित होती है। हमें यह भी अपने जेहन में रखना चाहिए कि खाद्य सुरक्षा का अर्थ केवल भोजन की उपलब्धता मात्र ही नहीं है, बल्कि इसमें भोजन तक नियमित पहुँच, उसे खरीदने की क्षमता, उसकी गुणवत्ता और पोषण को भी शामिल किया जाता हैं। वास्तव में, भूख और कुपोषण अलग-अलग समस्याएँ हैं तथा किसान खाद्य सुरक्षा की आधारशिला हैं।पाठक जानते हैं कि जलवायु परिवर्तन खाद्य उत्पादन को प्रभावित करता है, जहाँ सूखा, बाढ़, अनियमित वर्षा और बढ़ता तापमान फसलों की पैदावार तथा किसानों की आजीविका पर असर डाल सकते हैं। आज खाद्य बर्बादी और भूख का साथ-साथ बने रहना एक बड़ी विडंबना है। वास्तव में, भोजन का उचित भंडारण, परिवहन और वितरण इस समस्या को कम करने में सहायक हो सकता है। इसके अलावा मौसम की जानकारी, बेहतर सिंचाई, फसल प्रबंधन, भंडारण और खाद्य आपूर्ति की आधुनिक प्रणालियाँ कृषि को अधिक प्रभावी बना सकती हैं।

इस दिवस को मनाने के कारण व इस वर्ष की थीम

विश्व खाद्य दिवस मनाने के पीछे कई प्रमुख उद्देश्य हैं। इनमें क्रमशः संपूर्ण विश्व से भूख और कुपोषण का उन्मूलन करना (जिसमें बच्चों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर वर्गों के पोषण पर विशेष ध्यान देना शामिल है), किसानों की आय बढ़ाना, सिंचाई और आधुनिक कृषि तकनीक को बढ़ावा देना, तथा छोटे किसानों को संसाधन उपलब्ध कराना शामिल है। इसके साथ ही पौष्टिक और संतुलित आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करना, खाद्य पदार्थों की बर्बादी (होटलों, रेस्टोरेंटों, ढाबों, तथा घरों में) रोकना, मिट्टी, जल और जैव विविधता को बचाना तथा विश्व में ऐसी कृषि पद्धतियाँ अपनाने पर बल देना प्रमुख उद्देश्य हैं, जो कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी खाद्य उत्पादन सुनिश्चित कर सकें। हमें यह याद रखना चाहिए कि भोजन केवल और केवल हमारे जीवन की ही आवश्यकता नहीं है, अपितु यह प्रत्येक व्यक्ति के सम्मानपूर्ण जीवन का भी आधार है। आज दुनिया में पर्याप्त खाद्यान्न उत्पादन होता है, लेकिन बहुत ही दुखद है कि इसके बावजूद भी दुनिया में बहुत से लोगों को दो जून की रोटी तक नसीब नहीं हो पाती है और आज भी दुनिया में लाखों नहीं करोडों लोग भूख, कुपोषण और पौष्टिक भोजन की कमी से लगातार जूझ रहे हैं। दूसरी ओर, खाद्य पदार्थों की बर्बादी, जलवायु परिवर्तन, गरीबी और संसाधनों का असमान वितरण इस समस्या को और गंभीर तथा संवेदनशील बनाते हैं। इस वर्ष विश्व खाद्य दिवस 2026 की थीम-आज नवाचार करें, कल का पोषण सुनिश्चित करें। रखी गई है। वास्तव में इसका साफ संदेश यह है कि आधुनिक विज्ञान, नई तकनीक और पारंपरिक ज्ञान के समन्वय से सभी के लिए पर्याप्त, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य के लिए प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा की जाए।भोजन को सुलभ, किफायती और पौष्टिक बनाना भी आवश्यक हाल फिलहाल विश्व खाद्य दिवस के संदर्भ में यदि हम आँकड़ों की बात करें तो संयुक्त राष्ट्र की पाँच एजेंसियों द्वारा जुलाई 2026 में जारी विश्व में खाद्य सुरक्षा एवं पोषण की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में दुनिया भर में लगभग 64.5 करोड़ लोग भूख से प्रभावित थे, जो वैश्विक आबादी का लगभग 7.8 प्रतिशत है। इसी अवधि में लगभग 210 करोड़ लोग मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, करीब 270 करोड़ लोग स्वस्थ आहार का खर्च उठाने में असमर्थ थे। हालाँकि, वैश्विक स्तर पर भूख से प्रभावित लोगों की संख्या में लगातार तीसरे वर्ष कमी दर्ज की गई, लेकिन यह सुधार सभी क्षेत्रों में समान नहीं रहा। ये आँकड़े स्पष्ट करते हैं कि दुनिया में खाद्य उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ भोजन को सुलभ, किफायती और पौष्टिक बनाना भी आवश्यक है। हमारे देश भारत में भुखमरी और कुपोषण आज भी बड़ी चुनौती हैं। वर्ष 2023 में देश में लगभग 17.21 करोड़ लोग अल्पपोषण से प्रभावित थे। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार, पाँच वर्ष से कम उम्र के 35.5 प्रतिशत बच्चे ठिगनेपन, 32.1 प्रतिशत कम वजन और 19.3 प्रतिशत दुबलेपन से प्रभावित थे। यहाँ पाठकों को बताता चलूं कि भारत सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत देश की लगभग 80.67 करोड़ आबादी को रियायती खाद्यान्न उपलब्ध कराने की व्यवस्था कर रही है। इस योजना के अंतर्गत पात्र प्राथमिकता वाले परिवारों को प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 5 किलोग्राम तथा अंत्योदय अन्न योजना के परिवारों को प्रति परिवार प्रतिमाह 35 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क दिया जाता है। यह व्यवस्था देश की लगभग दो-तिहाई आबादी को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई है। इतना ही नहीं, सरकार विद्यालयों में पीएम पोषण योजना और आँगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों तथा महिलाओं के पोषण के लिए भी सहायता उपलब्ध कराती है।प्रमुख विद्यमान चुनौतियां-

आज विश्व खाद्य दिवस पर संपूर्ण विश्व के समक्ष अनेक प्रकार की चुनौतियाँ विद्यमान हैं। इनमें क्रमशः पूरी दुनिया से भुखमरी और कुपोषण को समाप्त करना, हर व्यक्ति को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना, गरीबी के कारण भोजन की कमी और स्वस्थ आहार की बढ़ती लागत को कम करना, खाद्य पदार्थों की बर्बादी रोकना और जरूरतमंदों तक भोजन पहुँचाना शामिल है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन, सूखा और बाढ़ से कृषि उत्पादन की रक्षा करना, किसानों की आय बढ़ाना और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना तथा खाद्यान्न का समान वितरण सुनिश्चित कर वर्ष 2030 तक शून्य भुखमरी के लक्ष्य को प्राप्त करना आदि को भी इसमें शामिल किया जा सकता है।सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य सुरक्षा-

सार्वजनिक वितरण प्रणाली देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और गरीब परिवारों को भुखमरी से बचाने का एक महत्त्वपूर्ण आधार है। इसके माध्यम से पात्र परिवारों को उचित मूल्य की दुकानों से निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगभग 80 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की व्यवस्था है, जो यह सुनिश्चित करती है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भोजन के लिए संघर्ष न करना पड़े। विश्व खाद्य दिवस हमें याद दिलाता है कि भोजन केवल जीवन की आवश्यकता नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति का सम्मानपूर्ण जीवन जीने का आधार है।

सोशल मीडिया पर रील के चक्कर में जान की बाजी

मनोज कुमार अग्रवाल

सोशल मीडिया पर रील बनाने के चक्कर में जान की बाजी लगाना आजकल एक बेहद गंभीर और खतरनाक ट्रेंड बन चुका है। लोग इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर चंद लाइक्स, व्यूज और वायरल होने की चाह में अपनी जिंदगी को दांव पर लगा रहे हैं।आज सोशल मीडिया का जमाना है और बड़ी संख्या में युवाओं पर चर्चा में आने के लिए रील बना कर सोशल मीडिया पर डालने का जुनून सवार है। सोशल मीडिया पर रातों-रात प्रसिद्ध होने और लाइक्स कटने की वजह से परेशान होकर आत्महत्या कर ली।

वीडियो बनाने के लिए चलती हुई ट्रेन के गेट पर खतरनाक डांस करना, डिब्बे के बाहर लटकना या रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर ट्रेन के सामने पोज़ देना सबसे आम और घातक हादसों की वजह बन रहा है। चलती हुई गाड़ियों या बाइकों पर स्टंट करना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के रील बनाना। हाल ही में उत्तर प्रदेश के सीतापुर में एक युवती को सड़क पर खतरनाक स्टंट करने के लिए ?16,000 का भारी चालान भी भुगतना पड़ा।

ऊंचे पुलों और झरनों के पास पोज़ खतरनाक पहाड़ों, नदियों के ऊपर बने पुलों या बाढ़ के पानी के बीच रील बनाने के चक्कर में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

प्रशासन की कार्रवाई और चेतावनी

इस बढ़ते खतरे को देखते हुए पुलिस और भारतीय रेलवे लगातार लोगों को आगाह कर रहे हैं। ऐसे जानलेवा स्टंट करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जा रहा है और जेल की सजा का भी प्रावधान है।

आपको बता दें कि हाल ही में ऐसे कई मामलों की झड़ी लगी है जिनमे रील बनाने के चक्कर में अनेक युवा जान गंवा बैठे। 16 सितम्बर को पालघर (महाराष्ट्र) में वैतरणा नदी के किनारे मोबाइल से रील शूट करने के दौरान गीतेश पाटिल और मानव राठौड़ नामक 2 दोस्तों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई।

4 अक्तूबर को फरीदाबाद (हरियाणा) में सिरोही झील के निकट रील बनाने के दौरान मोबाइल फोन के डैमेज होने को लेकर 2 दोस्तों में विवाद इस हद तक बढ़ गया कि आपसी हाथापाई में उनमें से एक युवक की जान चली गई, जिसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मुफीद उर्फ मन्नू को गिरफ्तार कर लिया।

8 अक्तूबर को पश्चिम चंपारण (बिहार) के मझौलिया गांव में अपने बड़े भाई हीरामन के रील बनाने के शौक से नाराज उसके छोटे भाई विश्वनाथ ने उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया और इसी झगड़े के दौरान जान बचाने के लिए भागे हीरामन की जमीन पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो जाने के कारण मौत हो गई।9 अक्तूबर को बौध जिला (ओडिशा) के खोरधा-बोलांगीर रेलवे ट्रैक पर लेट कर मीडिया के लिए रील बना रहा एक लड़का अचानक आई तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई

9 अक्तूबर को ही जहरीले सांपों को रैस्क्यू करने और उनके साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के लिए प्रसिद्ध तपन कुमार प्रधान (28) को पुरी (ओडिशा) के कंथापुर गांव में एक कोबरा ने आक्रामक होकर उंगलियों, कोहनी और बाजू के ऊपरी हिस्से पर कई बार डस लिया जिससे उसकी मौत हो गई। वह अपने घर के बरामदे में बैठ कर एक खतरनाक कोबरा के साथ इंस्टाग्राम के लिए रील बना रहा था।

10 अक्तूबर को आगरा (उत्तर प्रदेश) के बसई अरेला क्षेत्र में एक छात्र निर्माणाधीन मकान में रखी शिकारी एयर गन को पकड़ कर उसके साथ रील बनाने लगा। इसी दौरान अचानक बंदूक से फायर हो गया और छर्रे लगने से युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।11 अक्तूबर को पारादीप (ओडिशा) के समुद्र तट पर रील बनाने के दौरान बेगूसराय (बिहार) से घूमने आए तीन युवक तेज लहरों की चपेट में आ जाने के परिणामस्वरूप बह गए।

उपरोक्त घटनाओं से स्पष्ट है कि पिछले कुछ समय के दौरान रील बनाने के रुझान और इससे होने वाली दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। इस संबंध में हम युवाओं को यही सलाह देंगे कि वे अपनी जान जोखिम में डाल कर इस प्रकार के करतब न करें क्योंकि उनकी इस तरह की भूलें उनके परिवारों को जिंदगी भर की पीड़ा दे सकती है। युवाओं को लगता है कि एक रील वायरल होते ही वे रातों-रात स्टार बन जाएंगे।

पीछे छूट जाने का डर दूसरों को रील बनाकर लोकप्रिय होते देख, युवा भी बिना सोचे-समझे उसी अंधी दौड़ में शामिल हो जाते हैं।स्क्रीन पर दिखने वाले लाइक और हार्ट युवाओं के दिमाग में एक अस्थायी खुशी पैदा करते हैं, जिसकी उन्हें लत लग जाती है।

इस जानलेवा सनक को कैसे रोका जाए?माता-पिता को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि उनका बच्चा सोशल मीडिया पर क्या पोस्ट कर रहा है और किस तरह के वीडियो बना रहा है। पुलिस और प्रशासन को खतरनाक जगहों पर रील बनाने वालों के खिलाफ सख्त जुर्माना और जेल की सजा का प्रावधान मजबूत करना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं को यह समझाने की जरूरत है कि जान है तो जहान है, कोई भी रील आपकी जिंदगी से ज्यादा कीमती नहीं हो सकती।

पाकुड़ की खबरें

संपत्ति के लालच में जीजा की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के मालीपाड़ा स्थित बंद खदान से मिले अज्ञात शव की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझाने का दावा किया है। मृतक की पहचान मंटु दास, निवासी धोबना, दुमका के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या के आरोप में आलोक मुर्मू, प्रीतम हेम्ब्रम और प्रिन्स हेम्ब्रम को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने संपत्ति पर कब्जा करने की योजना के तहत मंटु दास की कुल्हाड़ी और हथौड़े से हत्या कर दी। इसके बाद साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को रस्सी से उनकी मोटरसाइकिल के साथ बांधकर बंद खदान में फेंक दिया। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव के नेतृत्व में गठित विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) ने मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, लोहे का हथौड़ा, रस्सी, खून लगे कपड़े और झोले समेत अन्य सामान बरामद किए गए। खदान के पानी से मृतक की पल्सर मोटरसाइकिल भी निकाली गई। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त एक अन्य पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व रेलवे

खुला ठिका खोबोर संख्या: 72-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, माहित 13.10.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी लागित् ई-ठिका नेवतायेत् काना। **कामी रेयाक् जुतुम/जायगा:** ''आसनसोल मंडल:- (i) इलेक्ट्रिक ट्रेनिंग सेंटर, आसनसोल रे फेज-2, स्मार्ट क्लासरूम बाखरा टेलीकम कामी (ii) ईएलटीसी/आसनसोल रे आईजीओटी ट्रेनिंग सेंटर कम कंप्यूटर आधारित बेनाव''। **ठिका रेयाक् पूंजी:** रु. 82,43,335.03, **बायना पायसा:** रु. 1,64,900/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोय:** एलओए ओडोकेक् रेयाक् तारीक खोन 18 चान्दो। **ठिका बोंदोक् रेयाक् तारकी आर सोमोय:** माहित 05.11.2026 हिलोक् 14.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक् बानाडाय: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-291/2026-27

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

खुला ठिका खोबोर संख्या: 71-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, माहित 13.10.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी लागित् ई-ठिका नेवतायेत् काना। **कामी रेयाक् जुतुम/जायगा:** ''आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल रे नावां ओएफसी रूम रेयाक् प्रावधान''। **ठिका रेयाक् पूंजी:** रु. 3,06,22,042.57, **बायना पायसा:** रु. 6,12,500/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोय:** एलओए ओडोकेक् रेयाक् तारीक खोन 18 चान्दो। **ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोय:** माहित 05.11.2026 हिलोक् 14.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक् बानाडाय: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-292/2026-27

ठिका खोबोर दो वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पुरानी मतदाता सूची पर हों पांच राज्यों में चुनावः कांग्रेस

पाकुड़। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी कोऑर्डिनेटर सह पाकुड़ जिला प्रभारी उदय लखमानी ने उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव पुरानी मतदाता सूची के आधार पर कराने की मांग की है। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि इसके माध्यम से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।उदय लखमानी ने कहा कि घुसपैठियों का मुद्दा उठाकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए कहा कि मताधिकार लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है और किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं हटना चाहिए।उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इस मुद्दे पर अपना विरोध जारी रखेगी। साथ ही, उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों में पुरानी मतदाता सूची के आधार पर मतदान कराने की मांग दोहराई।हालांकि, मतदाता सूची से हटाए गए नामों की संख्या और इससे संबंधित दावों की स्वतंत्र पुष्टि आवश्यक है।

शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं दुर्गापूजा का पर्व : उपायुक्त

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, नियमित गश्ती करने और पूजा समितियों के साथ समन्वय बनाकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूजा पंडालों और जुलूसों में आपत्तिजनक एवं अश्लील गाने बजाने पर रोक रहेगी। प्रतिमा विसर्जन निर्धारित मार्ग से ही किया जाएगा। पूजा पंडालों की वीडियोग्राफी तथा जरूरत के

अनुसार सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जाएगी।उन्होंने आमलोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और अपुष्ट सूचनाएं सोशल मीडिया पर साझा नहीं करने की अपील की। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन या पुलिस को देने को कहा।वहीं, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय से उपस्थित रहने और सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। प्रशासन ने स्वास्थ्य, अग्निशमन, पेयजल, स्वच्छता एवं आपातकालीन सेवाओं को तैयार रखने पर भी जोर दिया।

विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। विश्व हाथ धुलाई दिवस 2026 के अवसर पर जिला जल एवं स्वच्छता समिति की ओर से जल जनभागीदारी अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।इसी क्रम में हिरणपुर स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में छात्र-छात्राओं को साबुन एवं स्वच्छ जल से हाथ धोने के सही तरीके बताए गए। भोजन से पहले और शौचालय के उपयोग के बाद हाथ धोने की आदत अपनाने पर जोर दिया गया। साथ ही स्वच्छता एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।मौके पर प्रधानाध्यापक रमेश प्रसाद गोस्वामी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, जल सहिया दीवाली देवी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

हिरणपुर में नृत्य प्रतियोगिता, सीनियर, जूनियर और ग्रुप डांस में विजेताओं को किया गया सम्मानित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़)। दुर्गा पूजा के उत्सवी माहौल के बीच हिरणपुर में आयोजित अंतरराज्यीय नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कला और हुनर से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति हिरणपुर की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में सीनियर, जूनियर और ग्रुप डांस श्रेणियों में प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ जुटी रही।प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गणेश ने प्रथम, जय कुमार परमानिक ने द्वितीय और सन्नी मांझी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में सोम्या सिन्हा प्रथम, सुहानी साहा द्वितीय और सुरुचि कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, ग्रुप डांस में स्ट्रीट डांस ग्रुप ने पहला, संजीव एवं रोकी की टीम ने दूसरा और गोल्डेन विंग्स ने तीसरा स्थान हासिल किया। सफल प्रतिभागियों को समिति के अध्यक्ष दीपक साहा, उपाध्यक्ष राजकुमार, सुंदरपुर के ग्राम प्रधान माधव शील सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया।इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन लिट्टीपाड़ा विधानसभा के पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दिनेश मरांडी, समिति के अध्यक्ष दीपक साहा, जबरदाहा की मुखिया राखी हांसदा, संरक्षक मंडली के सदस्य राजेश पंडित एवं मंजीत भगत, मोयरा मोदक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अभिजीत दत्ता, शील दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष प्रदीप शील और व्यवसायी आशीष दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर पूर्व विधायक दिनेश मरांडी ने पूजा समिति की ओर से की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द को मजबूत करते हैं। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की।कार्यक्रम का मंच संचालन मिलन रुज, दीपक भगत और रुद्र चांद ने किया।

हिरणपुर से नाबालिग को भगाने का मामला, 24 घंटे में पटना से सकुशल बरामद

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के डांगापाड़ा चौक से 14 वर्षीय नाबालिग को भगाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर उसे बिहार की राजधानी पटना जंक्शन से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने मामले में महाराष्ट्र के पुणे जिले के दो युवकों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, 13 अक्टूबर को नाबालिग को दो युवकों द्वारा भगाकर ले जाने की सूचना मिली थी। इस संबंध में पीड़िता की मां के आवेदन पर हिरणपुर थाना कांड संख्या 73/26, दिनांक 14 अक्टूबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल फोन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए लगातार छापेमारी की। इसके बाद पटना जंक्शन से नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमर शेख (19), पिता जावेद शेख, निवासी लोनीदेवकर तथा प्रथमेश राजेन्द्र रणसिंह (20), निवासी न्हावीगाव, थाना इंदापुर, जिला पुणे, महाराष्ट्र के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।पुलिस ने आरोपियों के पास से हरे रंग का वीवो ङ्क300 स्न्श्च और काले रंग का टेक्नो स्पार्क मोबाइल फोन जब्त किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के लिए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई में एसडीपीओ, हिरणपुर थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी, महिला पुलिस अधिकारी और रिजर्व गार्ड शामिल रहे।

चांदपुर स्टैंड पर ऑटो-टोटो चालकों को सड़क सुरक्षा की जानकारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। जिला परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद मोजाहिद अंसारी के निर्देश पर चांदपुर स्थित ऑटो-टोटो स्टैंड सह चेकपोस्ट पर चालकों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान चालकों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन परिचालन और यात्रियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार की जानकारी दी गई।अभियान में चालकों को वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा और नंबर प्लेट रखने के साथ नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने तथा नाबालिगों को वाहन नहीं देने की हिदायत दी गई। साथ ही, निर्धारित ड्रेस कोड के तहत ऑटो-टोटो चालकों को नीली और टेंपो चालकों को खाकी वर्दी पहनने के लिए जागरूक किया गया।चालकों को निर्धारित पड़ाव पर वाहन रोकने, यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर उतारने-चढ़ाने तथा सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता करने के प्रति भी जागरूक किया गया। इस दौरान पंपलेट वितरित कर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की गई।

रूपी सोरेन के निधन पर शोकसभा आयोजित

पाकुड़िया (पाकुड़)। झामुमो प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा की अगुवाई में स्वर्गीय रूपी सोरेन के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर स्थानीय विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी उपस्थित रहे।विधायक ने कहा कि रूपी सोरेन महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन के समय से ही स्वर्गीय शिबू सोरेन के संघर्षों की साथी रही थीं। उन्होंने झारखंड आंदोलन को करीब से देखा और हर परिस्थिति में गुरुजी का साथ दिया। उनका संघर्ष और योगदान झामुमो कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

देवघर : थर्मोकोल और वॉल पुट्टी से सजा मां दुर्गा का अनोखा दरबार

कलाकार मार्कण्डेय जजवाड़े 'पुटरू दा' 14 वर्षों से बिग बाजार में नई थीम पर सजा रहे हैं मां का पंडाल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । दुर्गापूजा के पावन अवसर पर देवघर के बिग बाजार में मां दुर्गा का एक अनोखा और आकर्षक दरबार सजाया गया है। कलात्मकता, रचनात्मकता और श्रद्धा के अनूठे संगम से तैयार इस दरबार को देखने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि इस तरह का अनूठा दरबार पूरे देवघर जिले ही नहीं, बल्कि संताल परगना में भी अपनी अलग पहचान रखता है। इस भव्य दरबार को तैयार करने में करीब एक महीने का समय लगा है। इसे थर्मोकोल और वॉल पुट्टी जैसी सामग्रियों से आकर्षक स्वरूप दिया गया है। मां दुर्गा के इस विशेष दरबार का निर्माण विनायक आर्ट गैलरी के संचालक एवं कलाकार मार्कण्डेय जजवाड़े,जिन्हें लोग प्यार से 'पुटरू दा' कहते हैं, ने अपने सहयोगी कलाकारों के साथ मिलकर किया है। इस कार्य में देवघर के कला निकेतन (विनायक आर्ट गैलरी) के कला विद्यार्थियों और अन्य सहयोगी कलाकारों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अलावा मधुसूदन फलाहारी जी का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

----

14 वर्षों से हर साल नई थीम पर सज रहा है मां का दरबार

बिग बाजार में मां दुर्गा के दरबार को सजाने की यह परंपरा पिछले 14 वर्षों से लगातार जारी है। हर वर्ष नई थीम और अलग-अलग कलात्मक अवधारणा के साथ दरबार तैयार किया जाता है। कलाकार मार्कण्डेय जजवाड़े और उनकी टीम मां दुर्गा की आराधना को कला के माध्यम से विशेष रूप देने का प्रयास करती है। इस आयोजन में कलाकारों की कल्पनाशीलता, मेहनत और समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

कलात्मकता और भक्ति का अनूठा संगम

दरबार के निर्माण में थर्मोकोल और वॉल पुट्टी का उपयोग कर विभिन्न सजावटी आकृतियों और कलात्मक संरचनाओं को आकार दिया गया है। करीब एक महीने तक चली तैयारी में कलाकारों ने बारीकियों पर विशेष ध्यान दिया, ताकि मां दुर्गा का दरबार आकर्षक और भव्य दिखाई दे। इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय कलाकारों और कला विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलता है। मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा, सामूहिक सहयोग और कलात्मक कौशल से तैयार यह दरबार दुर्गापूजा के उत्सवी माहौल को और खास बना रहा है। हर वर्ष नई थीम के साथ दरबार सजाने की परंपरा ने इसे देवघर के दुर्गापूजा आयोजनों में विशिष्ट पहचान दिलाई है।

कलाकृतियों पर काम करने का रहा खास अनुभव : नंदनी



कला के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहते हुए इस वर्ष बिग बाजार दुर्गा पूजा पंडाल में कलाकृतियों को आकार देने का अवसर मेरे लिए बेहद खास और यादगार अनुभव रहा। गुरु के मार्गदर्शन में थर्मोकोल से तैयार की गई आकर्षक कलाकृतियों पर काम करते हुए कला की बारीकियों, तकनीकों और रचनात्मकता के कई नए आयाम सीखने को मिले। राज नंदनी ने कहा कि इस तरह के कलात्मक कार्यों से अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है।

अनुशासन और टीमवर्क की सीख : माही कुमारी

माही कुमारी ने कहा की बिग बाजार, देवघर में आयोजित दुर्गा पूजा में शामिल होकर हमें कई महत्वपूर्ण बातें सीखने का अवसर मिला। इस आयोजन ने एकता, अनुशासन, समर्पण, टीमवर्क और आपसी सहयोग के महत्व को समझने का मौका दिया। हमने सीखा कि जब सभी लोग मिल-जुलकर किसी कार्य को पूरा करने का प्रयास करते हैं, तो बड़ी से बड़ी चुनौती भी आसान हो जाती है।

हर वर्ष कुछ नया सीखने का मिलता है अवसर : प्राची

कला केवल कल्पनाओं को आकार देने का माध्यम नहीं, बल्कि निरंतर सीखने, नए प्रयोग करने और अपनी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने की एक सुंदर यात्रा भी है। इसी भावना के साथ गुरु पुटरू सर के मार्गदर्शन में हर वर्ष देवघर के बिग बाजार में तैयार की जाने वाली अनूठी कलाकृतियों में सहयोग करने का अवसर मिलता है। प्राची प्रिया ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन में हर वर्ष कुछ अलग और नया सीखने का अवसर मिलता है।

नए प्रयोग सीखने का अवसर : वैष्णवी राज

कला और रचनात्मकता के क्षेत्र में निरंतर नए प्रयोग सीखने का अवसर विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने के साथ कुछ अलग करने की प्रेरणा देता है। इस संबंध में कला विद्यार्थी वैष्णवी राज ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उन्हें बहुत कुछ नया सीखने को मिला। इस बार फोम के माध्यम से मां दुर्गा को सुंदर फोटो फ्रेम के रूप में प्रस्तुत करना उनके लिए एक अलग और यादगार अनुभव रहा।

ओलंपिक संघ के कार्यालय का उद्घाटन

देवघर संताल एक्सप्रेस । शहर के केकेएन स्टेडियम में गुरुवार को जिला ओलंपिक संघ के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने किया। कार्यालय खुलने से जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ खिलाड़ियों और खेल संघों को भी काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि कार्यालय खुलने से खेलों से जुड़ी गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी। वह स्वयं नियमित रूप से कार्यालय में समय देंगे और खेल एवं खिलाड़ियों से जुड़ी समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए जिला ओलंपिक संघ की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ओलंपिक संघ खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए मंच प्रदान करता है, लेकिन सफलता हासिल करने के लिए खिलाड़ियों को मैदान में कड़ी मेहनत करनी होगी। उद्घाटन समारोह में ओलंपिक संघ के रितेश केसरी, लालू बरनवाल, परमेश राव, कबड्डी के अंतरराष्ट्रीय अधिकारी आलोक सिंह, मनोज पांडेय, दीपक दुबे और वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव हर्षवर्धन सहित कई लोग उपस्थित थे।

दुर्गा महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

मधुपुर । स्थानीय महेंद्र मुनि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को वंदना सभागार में दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन मोहन मिश्रा ,उप प्रधानाचार्य शिवनाथ झा एवं वरिष्ठ दीदी किरण राय के कर कमल से संपन्न हुआ. सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ इसके बाद एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. जिसमें एकल गीत, समूह गीत, एकल नृत्य, समूह नृत्य ,मां दुर्गा के भजन इत्यादि प्रमुख रहे. कार्यक्रम के अंत में मां दुर्गा की आरती श्रद्धा पूर्वक की गई. कार्यक्रम में मंच का संचालन साक्षी कुमारी एवं इशिका बनर्जी ने किया. कार्यक्रम को शानदार और भव्य बनाने में माही सिंह, पंखुड़ी, राधा, आराध्या, परिणीता, पीहू, श्वेता, साक्षी, अंकिता,अपर्णा, सोनम, एंजेल , छनछन, अनुष्का और रोशनी की भूमिका महत्वपूर्ण रही. कार्यक्रम का संयोजन अंकिता कुमारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन परमानंद सिंह ने किया. अंत में कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम ने विराम लिया.

डीएवी स्कूल में विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता

देवघर । देवघर नगर निगम ने गुरुवार को कास्टर टाउन स्थित गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। नगर प्रबंधक सतीश कुमार दास ने कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों को गीले और सूखे कचरे को अलग रखने, कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण करने और निर्धारित कूड़ेदान का उपयोग करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में नगर आयुक्त सुलोचना मीणा मुख्य अतिथि और अपर नगर आयुक्त रजनीश कुमार उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य ने दोनों अधिकारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर क्विज प्रतियोगिता हुई। विद्यालय प्रबंधन सोमवार को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा करेगा। विजेताओं को नगर आयुक्त पुरस्कृत करेंगी। नगर आयुक्त ने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए और उन्हें स्वच्छता की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया।

बाबा मंदिर परिसर से चार बैग और तीन मोबाइल चोरी

देवघर। बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर स्थित प्रशासनिक भवन से श्रद्धालुओं के चार बैग और तीन कीमती मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत सामने आई है। घटना के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रशासन से शिकायत कर सामान बरामद करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, बिहार के खजौली थाना क्षेत्र के हरसवारा गांव से करीब 150 श्रद्धालुओं का जत्था लगभग 105 किलोमीटर की यात्रा कर बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचा था। घटना की जानकारी प्रशासनिक भवन स्थित कंट्रोल रूम में तैनात मजिस्ट्रेट कमलेश कुमार को दी गई। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

कुर्मी समाज की एकता और संगठन विस्तार पर जोर, हर प्रखंड में गठित होगी कमेटी

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर में कुर्मी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें समाज की एकता, आपसी भाईचारा, सामाजिक उत्थान और संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक में झारखंड कुर्मी महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन सहित समाज के वरिष्ठ सदस्यों और युवाओं ने भाग लिया। सर्वसम्मति से प्रत्येक प्रखंड में संगठन का गठन अविलंब करने पर जोर दिया गया, ताकि समाज को जमीनी स्तर पर संगठित कर सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में उसकी भागीदारी मजबूत की जा सके। बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन ने समाज के लोगों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। बैठक में सामाजिक एकता, जागरूकता और प्रखंड स्तर पर संगठन विस्तार के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया। मौके पर तरुण कुमार राउत, योगेश राउत, कैलाश राउत, नितिन कुमार राउत, विजय कुमार राउत, राज कुमार राउत, रविकांत राउत, राकेश कुमार, रोहित राउत, बमबम राउत, धर्मवीर राउत, प्रीतम कुमार राउत, शंकर राउत, संजय कुमार राउत, बिरजू राउत, मृत्युंजय प्रसाद राउत, दिलीप कुमार राउत सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। महासभा ने समाज के सभी सदस्यों से एकजुट होकर सामाजिक सम्मान और सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने की अपील की।

आकर्षण का केंद्र बना जगतजननी पूजा समिति का पंडाल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । दुर्गा पूजा की तैयारी अपने अंतिम दौर में है. सभी पूजा पंडाल कों अंतिम रूप दिया जा रहा है. सभी पूजा समितियों के द्वारा एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है. इस बार लोगों के बीच उत्सुकता ज्यादा हो रही है. कि किस समिति कि पंडाल इस बार सर्वश्रेष्ठ होगी. पिछले कई वर्षो से रेलवे न्यू कॉलोनी जगतजननी दुर्गा पूजा समिति सर्वश्रेठ पंडाल का ख़िताब जीतते आ रहा है. इस बार समिति की ओर से बेगूसराय की बड़ी दुर्गा मंदिर के रूप में पंडाल बनाया जा रहा है. सफ़ेद व केसरिया रंग से पुरे मंदिर परिसर इस बार पूजा की शोभा बढ़ायेगी. साथ ही आसपास के पुरे एरिया को उससे जुडी कथाओं व झांकीओं से सजाया जा रहा है. जो आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा. लगभग 100 फीट से अधिक उंची पंडाल का निर्माण किया जा रहा है. शानू डेकोरेटर की पूरी टीम इस पंडाल के निर्माण में लगी हुई है. इसकी भव्यता पुजा के दौरान आकर्षण का केंद्र रहेगी. आपको बता दे कि जगतजननी माँ दुर्गा की पुजा 1949 से होते आ रही है. रेलवे कॉलोनी में स्थित यह मंदिर रेलकर्मियों व श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है. शारदीय नवरात्रि में यहां वेष्णव रीति से पुजा की जाति है. सप्तमी, महाअस्ठमी व नवमी को श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी के रूप में महाप्रसाद का वितरण किया जाता है.साथ पुलपार दुर्गा पुजा समिति, कालीपुर टाउन, राज राजेश्वरी दुर्गा समिति शेखपुरा, कॉलेज रोड, डंगालपाडा, लालगंढ सहित अन्य जगहों पर खूबसूरत पंडाल व पुजा का आयोजन किया जा रहा है.

डीसी ने 5,723 विद्यार्थियों के बीच 6.69 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित करने का दिया निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। डीसी सौरभ कुमार भुवानिया ने गुरुवार को कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और पात्र लाभुकों तक लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने जिला कल्याण पदाधिकारी को 5,723 विद्यार्थियों के बीच 6.69 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बजट आवंटन और खर्च की स्थिति के साथ कल्याण छात्रावास, जाहेरस्थान की घेराबंदी, मांझी भवन निर्माण, प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति तथा साइकिल वितरण की समीक्षा की। डीसी ने साइकिल

वितरण शत-प्रतिशत पूरा करने और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना तथा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ सभी पात्र लाभुकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

उन्होंने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों तथा स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। डीसी ने अधिकारियों को नियमित क्षेत्र निरीक्षण करने और ग्रामीणों के साथ बैठक कर शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़ी उनकी वास्तविक जरूरतों को समझने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर समन्वय के साथ काम करने को कहा। बैठक में डीडीसी पीयूष सिन्हा, जिला कल्याण पदाधिकारी दयानंद दुबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, सभी प्रखंडों के कल्याण पदाधिकारी और विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

देवघर। नगर थाना क्षेत्र के पुरानदहा मोहल्ले में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बासुकिनाथ निवासी अजय मुर्मू (26) की मौत हो गई। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, सूरज दास नामक व्यक्ति झुलसे हुए अजय मुर्मू को अस्पताल लेकर पहुंचा था। हालांकि, अस्पताल पहुंचने के कुछ देर बाद वह वहां से फरार हो गया। मृतक के परिजनों का अब तक पता नहीं चल पाया है। अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस परिजनों की तलाश में जुट गई है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। परिजनों का पता चलने के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

गरबा रास उत्सव में भक्ति, संस्कृति और नृत्य का दिखा अनूठा संगम

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । नवरात्र के पावन अवसर पर देवघर में गरबा रास उत्सव को लेकर उत्साह का माहौल है। क्रिएटिव हब एंड टच एंड ग्लो की ओर से आरती शर्मा और पायल गुप्ता के संयोजन में 'गरबा रास' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, पारंपरिक नृत्य और उत्सव की उमंग को एक मंच पर प्रस्तुत किया गया। गरबा रास के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ पारंपरिक लोक संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। रंग-बिरंगे परिधानों, पारंपरिक गरबा नृत्य और डांडिया की धुनों के बीच उत्सव को आकर्षक बनाने की तैयारी की गई है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी मेलजोल, सांस्कृतिक एकता और पारंपरिक विरासत के प्रति सम्मान को प्रोत्साहित करते हैं। डॉ. के. पल्लवी और डॉ. नीतू गुप्ता के नाम भी सामने आए हैं। हालांकि, उनकी भूमिका और कार्यक्रम की तिथि, स्थान तथा अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। गरबा रास जैसे सांस्कृतिक आयोजन नवरात्र के उत्साह को बढ़ाने के साथ नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सुलोचना मीणा , टिप चटर्जी,डॉ. के. पल्लवी और डॉ. नीतू गुप्ता इन लोगों ने भी शामिल थे ।

रौनियार वैश्य महिला समाज का डांडिया उत्सव धूमधाम से संपन्न

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । कास्टर टाउन स्थित रौनियार वैश्य आश्रम में रौनियार वैश्य महिला समाज की ओर से नवरात्रि के पावन अवसर पर डांडिया उत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष लाजवंती गुप्ता एवं सचिव कंचन मूर्ति साह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति, संस्कृति, नृत्य और सामाजिक समरसता का सुंदर संगम देखने को मिला। आश्रम परिसर को रंग-बिरंगी सजावटी लड़ियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बीच में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां अंबे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, भोग अर्पित करने और आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर पुरुष समाज के अध्यक्ष शशिकांत गुप्ता एवं सचिव रामसेवक शाह उपस्थित रहे।

महिलाओं ने मां अंबे के भजनों,बांग्ला गीतों, पारंपरिक गुजराती गरबा और डांडिया गीतों पर उत्साहपूर्वक नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं की प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। कोरियोग्राफर आर्यन चौधरी ने महिलाओं को डांडिया के विभिन्न स्टेप्स सिखाकर उनका उत्साह बढ़ाया।कार्यक्रम में महिला समाज की उपाध्यक्ष डॉ. के. पल्लवी एवं इंदु गुप्ता, कोषाध्यक्ष जूली गुप्ता, संगठन मंत्री निशा गुप्ता, उषा गुप्ता, निक्की गुप्ता, बबीता गुप्ता, सविता साह, ममता शाह, रूपा गुप्ता, पूनम साह, अनीता भगत, खुशबू गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं। संतोष गुप्ता ने भंडारे एवं सजावट की व्यवस्था संभाली। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। उत्सव ने आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

एसपी ने की पुलिसकर्मियों की समस्याओं की समीक्षा

देवघर। एसपी प्रवीण पुष्कर ने गुरुवार को मासिक अपराध गोष्ठी में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था और आगामी दुर्गापूजा व दशहरा की तैयारियों की समीक्षा की। इसके बाद पुलिस केंद्र, डाबर ग्राम में आयोजित पुलिस सभा में पुलिसकर्मियों की सामूहिक और व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।एसपी कार्यालय में आयोजित अपराध गोष्ठी में जिले के थाना प्रभारी, अंचल निरीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। एसपी ने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन और साइबर अपराध, मादक पदार्थों से जुड़े मामलों तथा वाहन चोरी पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला एवं बाल अपराधों पर नियंत्रण, डायल-112 सेवा को प्रभावी बनाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया।पुलिस सभा में एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।इस अवसर पर पिछले माह उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

15 वाहनों से 52 हजार रुपये वसूला जुर्माना

देवघर। डीसी के निर्देश पर गुरुवार को यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से सेंट फ्रांसिस स्कूल के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहनों से मौके पर 52 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। कई वाहन चालकों को चेतावनी भी दी गई। अभियान में मोटर वाहन निरीक्षक अमित कुमार, रोड सेफ्टी मैनेजर शिव कुमार और परिवहन कार्यालय के अन्य कर्मी शामिल थे। टीम ने स्कूली बसों, वैन और अन्य व्यावसायिक वाहनों के दस्तावेज, फिटनेस प्रमाणपत्र और ओवरलोडिंग की जांच की। कमियां पाए जाने पर संबंधित वाहनों का चालान काटा गया। जिला परिवहन पदाधिकारी और उनकी टीम ने वाहन चालकों तथा स्कूल प्रबंधन को सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। चालकों को निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और वैध दस्तावेज साथ रखने को कहा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

रेड क्रॉस सोसायटी ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात

मधुपुर । भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी अनुमंडल शाखा के आजीवन सदस्य विजय आनंद लच्छीरामका की माताजी मंजू देवी के आकस्मिक निधन होने पर रेड क्रॉस के सदस्य मर्माहत हैं. उसी को लेकर गुरुवार को सीताराम डालमिया रोड स्थित उनके आवसीय परिसर में संस्था के सदस्यों द्वारा उनके पुत्र बड़े पुत्र अमरेश लच्छीरामका को शोक सन्देश पत्र सौपा. मौके पर संस्था के सचिव महेंद्र घोष ने कहा कि इस दुख की घड़ी में रेड क्रॉस परिवार आप के साथ खड़ी हैं. पिता परमेश्वर से यही प्रार्थना है कि परिवार को इस दुख की पीड़ा को सहने की शक्ति दे. इस अवसर परिवार के बजरंग लच्छीरामका, विजय आनंद लच्छीरामका सहित रेड क्रॉस के सह - सचिव प्रेम पाठक, कोषाध्यक्ष रंजन कुमार सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य दीपक मिश्रा, सदस्य रामानुज मिश्रा, बिनोद प्रसाद सहित अन्य सदस्य मौजूद थे.

पूजा पंडालों में आग से सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

मधुपुर । दुर्गापूजा के मद्देनजर मधुपुर शहरी क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में अग्नि सुरक्षा को लेकर अग्निशमन विभाग की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान अग्निशमन पदाधिकारी कालेश्वर पासवान ने पूजा पंडाल समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी. उन्होंने सभी पूजा समितियों से अपील की कि पूजा पंडालों में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके. अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि पूजा पंडालों में अग्निशमन यंत्र, पानी, बालू और कंबल जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध रखनी चाहिए. साथ ही बिजली के कनेक्शन और वायरिंग की अच्छी तरह जांच करानी चाहिए, ताकि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका को कम किया जा सके. उन्होंने पूजा समितियों में के सदस्यों को आग लगने की स्थिति में तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने कहा कि दुर्गापूजा के दौरान पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है. ऐसे में अग्नि सुरक्षा के नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है. सभी समितियों को सतर्कता बरतने और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने की आवश्यकता है. किसी भी प्रकार की आगजनी या आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल 112 नंबर पर डायल कर सूचना देने की अपील की गई, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके.

दीनबंधु हाई स्कूल में मनी अब्दुल कलाम की जयंती

देवघर संताल एक्सप्रेस । दीनबंधु उच्च विद्यालय के भवानी शंकर बागची सभागार में देश के महान वैज्ञानिक, शिक्षक एवं भारत के 11वें राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती सादगीपूर्ण समारोह में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आर. मित्रा प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिमलेश कुमार पंकज तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उसी विद्यालय के शिक्षक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अरविंदराज रजवाड़े उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता दीनबंधु उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक काजल कांति सिकदार ने की। विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव भी इस अवसर पर उपस्थित थे। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सुनील कुमार सूर, मुनेश्वर प्रसाद यादव, जितेंद्र कुमार चंद्र, उदय कुमार मंडल, मनीषा घोष, भारती कुमारी, सुदीप्ता चक्रवर्ती, विकास कुमार दास एवं राजू कुमार सहित छात्र-छात्राओं ने बारी-बारी से डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

बरहरवा में चला संघन वाहन जांच अभियान, 28 वाहनों से काटा 64,500 रूपया का चालान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा- बरहरवा थाना क्षेत्र के बरहरवा-फरक्का मुख्य मार्ग स्थित हाई स्कूल मोड़ पर गुरुवार को संघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान छोटे-बड़े वाहनों, ई-रिक्शा और बाइक की जांच की गई.जांच अभियान के दौरान वाहन चालकों के कागजात, दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट समेत यातायात नियमों के अनुपालन की जांच की गई.यह अभियान अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अमर जॉन की मौजूदगी में चलाया गया. जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 28 वाहनों का चालान काटा गया. जिससे 64,500 का जुर्माना वसूला गया.अभियान के दौरान अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने की हिदायत दी. साथ ही वाहन के आवश्यक कागजात साथ रखने की अपील की.मौके पर नीरज कुमार शाह, अनुज परासर सहित अन्य पुलिस बल के जवान मौजूद थे.

साइबर सुरक्षा पर पारा विधिक स्वयंसेवक की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज सुभाष के मार्गदर्शन में गुरुवार को लोक अदालत कक्ष में पारा विधिक स्वयंसेवकों न्याय मित्र के लिए साइबर सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई.कार्यशाला में पारा विधिक स्वयंसेवकों को बढ़ते साइबर अपराध, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस कॉल, सोशल मीडिया के दुरुपयोग तथा ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों के संबंध में जानकारी दी गई. उन्हें बताया गया कि साइबर अपराधी पुलिस, सीबीआई, ईडी अथवा अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बनकर लोगों को गिरफ्तारी का भय दिखाते हैं और पैसे की मांग करते हैं.ऐसी परिस्थितियों में घबराने के बजाय सतर्क रहना चाहिए. तथा किसी भी अनजान व्यक्ति को पैसे हस्तांतरित नहीं करने चाहिए.कार्यशाला में ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक खाते की जानकारी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने तथा अनजान स्रोतों से मोबाइल एप डाउनलोड नहीं करने के महत्व पर भी चर्चा की गई.पारा विधिक स्वयंसेवकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के विद्यालयों, पंचायतों, अस्पतालों एवं ग्रामीण इलाकों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दें

शहर में निकला फ्लैग मार्च

साहिबगंज - साहिबगंज नगर में दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस विभाग ने कमर कस ली है. नगरवासियों को सुरक्षा का एहसास कराने के लिए गुरुवार को एसडीपीओ सुशील कुमार के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया.फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस के जवान शामिल थे.फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया.फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने लोगो को संदेश दिया कि दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाएं रखना उसकी जिम्मेदारी है. मौके पर नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह सहित कई पुलिस पदाधिकारी व पुलिस के जवान मौजूद थे.

लोक अदालत की सफलता को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक

साहिबगंज - झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार आगामी 21 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत (एनआई एक्ट) तथा 12 दिसंबर, 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों एवं अधिकाधिक मामलों के निष्पादन को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज सुभाष की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई.बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोनों आयोजनों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित न्यायिक पदाधिकारियों को अधिकाधिक समझौता योग्य मामलों को चिह्नित कर उनके त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निष्पादन की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उन्होंने लंबित मामलों की पहचान, पक्षकारों से समय पर संपर्क स्थापित करने, आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने तथा समझौते की संभावना वाले मामलों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया.बैठक में विशेष रूप से परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) के तहत चेक अनादरण (चेक बाउंस) से संबंधित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर चर्चा की गई. संबंधित न्यायालयों को आवश्यक अभिलेख समय पर उपलब्ध कराने तथा पक्षकारों से संपर्क स्थापित कर समझौते की संभावनाओं को तलाशने का निर्देश दिया गया ताकि विशेष लोक अदालत के माध्यम से अधिकाधिक मामलों का निपटारा किया जा सके.

पूर्व रेलवे

ई-ठिका़ खोबोर सं.: ओ-एसी-टी-160-26-27 (खुली), ता़रिक 10.10.2026, उप मुख्य अभियंता (बीआरएल), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते नोवाको का़मीय ला़गित् ई-ठिका़को (खुली) नेवताक् काना: **केस संख्या:** ओ-एसी- टी-160-26-27, **का़मी जुतुम:** 30.06.2027 हिलोक् मुचा़द सोमोय ला़गित् पुरा़ आसनसोल मंडल रे एसएसई/बीआर/सीतारामपुर होतेते अनुरक्षित पुलको ला़गित् गोड़ोंवान का़मीको घालोक् पुलको रेयाक् सुपर स्ट्रक्चर दोहोजोगाव रेयाक् जोनल का़मीको ला़गित् खुली ठिका़। **ठिका़ गोनोङः रू.** 51,00,000/-, **बायना टाका:** रू. 1,02,000/-, **का़मी रेयाक् मुचा़द सोमोय:** 08 चान्दो। **बोंदोक् ता़रिक आर सोमोय:** 02.11.2026 हिलोक् 12.00 बजे। पुरा़उ विवोरोन दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रेपे ञेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-288/2026-27)

ठिका़ खोबोरको दो़ वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।

नोंड़े पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन भक्तों ने की मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना

साहिबगंज-साहिबगंज सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन भक्तों ने विधिवत रूप से मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना दुर्गा मंदिरों व अपने अपने घरों में की. पुरोहित प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार को नवरात्र के छठे दिन दुर्गा मां के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की जाएगी. शाम में मंदिरों व दुर्गा पूजा समिति की ओर से बेल भरनी निमंत्रण पूजन किया जाएगा. बेल के पेड़ के नीचे पूजन करके आमंत्रण दिया जाएंगा.

पूर्व रेलवे

ई-ठिका़ खोबो़र सं. सी. 3/पार्किंग/ई-ऑक्शन/2026 ता़रिक 13.10.2026 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन- 713301 होतेते अनुबंध एम ला़गित् आईआरईपीएस पोर्टल दारायते वेबसाइट **www.ireps.gov.in** होते ते खुली ई-ठिका़ले नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् विवोरोन नोडका काना: **नीला़मी रेयाक् कैटगरी: पार्किंग। (1) ई-नीला़मी कैटलॉग सं.: एएसएन-पार्क- एआई, नीला़मी एहो़बो़क् ता़रिक:** 22.10.2026 हिलोक् 12.15 बजे, स्टेशनको/ठाँव जुतुमको: (i) जसीडीह स्टेशन रेयाक् फूड प्लाजा आर रैंप ताला रे मेनाक् मारीनाक् सर्कुलेटिंग एरिया रे टू व्हीलर्स ला़गित् पार्किंग लॉट। (ii) नावांबेनाव मॉल सोर रे डीआरएम कार्यालय आसनसोल रेयाक् देयानाखा ठांव रे टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स आर फोर व्हीलर्स ला़गित् पार्कि लॉट। **(2) ई-नीला़मी कैटलॉग सं.: पार्किंग-एएसएन-121, नीला़मी एहो़बो़क् ता़रिक: 28.10.2026 हिलोक् 12.15 बजे, स्टेशनको/ठाँव जुतुम:** (i) दुमका स्टेशन रेयाक् ओआरएच दीयाल सोर रे आर मित्टेन पार्किंग साँव साटाव ठाँव रे टू व्हीलर्स स्टाफ पार्किंग ला़गित् पार्किंग लॉट। (ii) दुबराजपुर स्टेशन रेयाक् सर्कुलेटिंग एरिया रे जीआरपी कार्यालय सोर रेयाक् ठाँव रे टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स आर फोर व्हीलर्स ला़गित् पार्किंग लॉट। (iii) जसीडीह रेलवे स्टेशन रेयाक् गाड़िया सोर नावां सर्कुलेटिंग एरिया ठाँव रे थ्री व्हीलर्स आर फोर व्हीलर्स ला़गित् पार्किंग लॉट। (iv) पानागढ़ स्टेशन रेयाक् उत्तरी भाग रे टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स ला़गित् पार्किंग लॉट। **(3) ई-नीला़मी कैटलॉग सं.: पार्किंग-एएसएन-डीयूसी, नीला़मी एहो़बो़क् ता़रिक: 30.10.2026 हिलोक् 12.15 बजे, स्टेशनको/ठाँव जुतुमको:** (i) बुकिंग कार्यालय सोर रे चित्तरंजन रेलवे स्टेशन रेयाक् सर्कुलेटिंग एरियावान ठाँव रे टू व्हीलर्स ला़गित् पार्किंग लॉट। (ii) दुर्गापुर स्टेशन रेयाक् उत्तरी भाग रे टू व्हीलर्स ला़गित् पार्किंग लॉट। (iii) अण्डाल रेलवे स्टेशन रेयाक् दा़खिन भाग ठाँव रे टू व्हीलर्स ला़गित् पार्किंग लॉट। (iv) कुलटी रेलवे स्टेशन रेयाक् दा़खिन भाग ठाँव रे गाड़िया सोर रे टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स आर फोर व्हीलर्स ला़गित् पार्किंग लॉट। जोतो़ नामडाक बोलीदाताको गे ओ़लआकान सूची लेकाते ओना ई-नीला़मी ठिका़ रेयाक् पुरा़उ विवोरोनको बाडायजोङ आर सेलेदो़क् ला़गित् दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेलजोड़पेले सोलहावापे काना।

ASN-289/2026-27

ठिका़ खोबो़र दो़ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।

नोंड़े पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

तीनपहाड़ में कई दशकों से हिंदू और मुस्लिम मिलकर करते है मां दुर्गा का पूजनोत्सव

हसामुद्दीन

तीनपहाड़-शारदीय नवरात्र को लेकर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति तीनपहाड़ की तैयारी जोर-शोर से पूजा कमिटी के द्वारा की जा रही है.इस वर्ष की पूजा को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए कमेटी के सभी सदस्य कड़ी मेहनत कर रहे हैं. तीनपहाड़ की दुर्गा पूजा आज के दौर में अपनी अलग पहचान और मिसाल कायम कर रही है.यहां की सबसे बड़ी खासियत है कि दुर्गा पूजा कमेटी के गठन में दोनों समुदायों के लोगों की भागीदारी होती है. सभी आपस में मिल-जुलकर मां दुर्गा पूजनोत्सव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराते है. यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है जो आज के समय में अनूठा मिसाल है.

यहां की परंपरा के अनुसार सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति तीनपहाड़ के अध्यक्ष पद पर जो भी वर्तमान में तीनपहाड़ स्टेशन प्रबंधक होते हैं वही अध्यक्ष होते हैं. वहीं सांप्रदायिक एकता की मिसाल देते हुए समिति के उपाध्यक्ष पद पर मो. नाजिम लड्डू को बनाया गया है. जो 2020 से अब तक इस पद को बखूबी निभा रहे हैं.उनसे पहले उनके पिता स्व. मो. यासीन सरदार इस पद पर थे. उनके देहांत के बाद लोगों द्वारा कमेटी गठन में इनका चयन किया था. **105 वर्षों से की जा रही है तीनपहाड़ की दुर्गा**

पूजा तीनपहाड़ में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना लगभग 105 वर्षों से भी पहले से होती आ रही है. भक्तों की आस्था है कि सच्चे मन से सेवा और आराधना करने से उनकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा तीनपहाड़ रेलवे परिसर में इस वर्ष भव्य मंदिर का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है.बताया जाता है कि इस मंदिर की स्थापना कोलकाता के रहने वाले और तीनपहाड़ रेलवे के पूर्व स्टेशन प्रबंधक चटर्जी बाबू द्वारा 1934 में की गई थी.तब से आज तक ग्रामीणों के सहयोग से माता दुर्गा की पूजा होते आ रही है. स्थानीय लोगों का मानना है कि अंग्रेजों के समय से भी पहले से यहां पूजा हो रही है. लेकिन पहले अस्थायी रूप से लोहिया भवन के पास पूजा की जाती थी.सार्वजनिक दुर्गा मंदिर की पूजा-अर्चना पुरोहित राजकिशोर पांडे द्वारा की जाती है. वहीं समिति के सचिव सिद्धार्थ यादव उर्फ बल्ला ने बताया कि इस वर्ष भी माता रानी की पूजा-अर्चना धूमधाम से होगी. अभी मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है.इसके अलावे छोटा लेकिन आकर्षक पंडाल भी बनाया जा रहा है.पूजा पर भव्य मेले का आयोजन किया गया है. जिसमें झूला, टॉवर झूला, जंपिंग, मिक्की माउस मेले की शोभा बढ़ाएंगे. मेले में खिलौना, नाश्ता, मिठाई, जलेबी, गुपचुप, चाट सहित अन्य दुकानें लगाने की तैयारी चल रही है.सप्तमी पूजा को पूजा समिति के द्वारा गाजे-बाजे के साथ आकर्षक व भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी. जो मंदिर से निकलकर रामपुरा नदी तक जाएगी.वहां से जल भरा जाएगा. अष्टमी और नवमी के दिन मेला लगेगा और दशमी को आदिवासी मेले का आयोजन किया जाएगा. जिसमें विशाल मेला लगता है. दशमी को आदिवासी समुदाय के लोग मंदिर पहुंचकर माता का दर्शन करते हैं और मंदिर प्रांगण में पारंपरिक नृत्य करते हैं. जो अच्छा कला प्रदर्शन करता है उसे पूजा कमेटी के द्वारा पुरस्कृत किया जाता है.कमेटी द्वारा जगह-जगह वॉलेंटियर लगाए जाते हैं. ताकि भक्तों को कोई परेशानी न हो. पूजा के दौरान तीनपहाड़ में भारी वाहनों का प्रवेश पर प्रशासन द्वारा रोक लगा दिया जाता है. ताकि सड़क जाम ना हो और मेला सुचारू रूप से सफल हो सके.

डीसी ने की पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की जल जीवन मिशन की योजनाओं की समीक्षा

साहिबगंज - डीसी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत योजनाओं कार्यों की समीक्षा बैठक हुई. बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना, बल्क वाटर सप्लाई योजना एवं एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई.डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया.उन्होंने लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने एवं योजनाओं के प्रभावी अनुश्रवण पर विशेष बल दिया. बैठक में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग शशि शेखर सिंह, संबंधित सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

संयुक्त सचिव ने बरहेट में विकास योजनाओं का लिया जायजा, भोगनाडीह और शिवगादी पहुंचे

बरहेट-ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार देव गुरुवार को बरहेट के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने आवास योजना सहित प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया. फूलभंगा गांव में आवास योजना के लाभुक के नवनिर्मित मकान में गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने लाभुक को नए घर की शुभकामनाएं दीं. इसके साथ ही योजनाओं की प्रगति और जमीनी स्तर पर उनके क्रियान्वयन की जानकारी ली.प्रखंड कार्यालय में पुरानी यादें हुई ताजा बरहेट में पूर्व बीडीओ के रूप में कार्य कर चुके जितेंद्र कुमार देव जब प्रखंड कार्यालय पहुंचे तो उनकी पुरानी यादें ताजा हो गईं. लंबे समय बाद अपने पुराने कार्य स्थल पर पहुंचने के दौरान वे भावुक दिखाई दिए. कार्यालय से अपने पुराने जुड़ाव के कारण उनका यह दौरा चर्चा का विषय रहा.

महिला किसानों के सशक्तीकरण व कृषि विकास पर हुई चर्चा



साहिबगंज - अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान दिवस 2026 के अवसर पर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया.गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में महिला किसानों के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करना, उन्हें आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना तथा कृषि के माध्यम से उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं सशक्तीकरण को बढ़ावा देना रहा.गोष्ठी के दौरान कृषि क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष रूप से चर्चा की गई. वक्ताओं ने खेती को अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं वैज्ञानिक बनाने के लिए उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने, कृषि संबंधी नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने तथा उपलब्ध सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया.साथ ही महिला किसानों की भागीदारी बढ़ाने, उनकी आजीविका को सुदृढ़ करने तथा उन्हें कृषि एवं इससे जुड़े अन्य गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया.कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने महिला किसानों के परिश्रम, समर्पण और योगदान की सराहना करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. मौके पर प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मोहम्मद यूसुफ, जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में महिला किसान उपस्थित थे.

किसान-वैज्ञानिक अंतर मिलन कार्यक्रम



साहिबगंज - आत्मा योजना के अंतर्गत आत्मा सभागार में महिला किसान दिवस 2026 के अवसर पर किसान-वैज्ञानिक अंतर मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी वरुण कुमार एवं वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. संजीव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने महिला किसानों को आय संवर्धन के लिए मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन तथा बागवानी फसलों, जैसे केला, पपीता एवं ओल की खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया.साथ ही रबी मौसम में दलहनी एवं तिलहनी फसलों की वैज्ञानिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला गया. वैज्ञानिकों ने बताया कि प्रति हेक्टेयर 20 किलोग्राम सल्फर का उपयोग फसलों एवं मृदा के लिए लाभकारी हो सकता है.महिला वैज्ञानिक डॉ. सुप्रिया सिंह ने रबी फसलों में समेकित कीट एवं व्याधि प्रबंधन की जानकारी दी. जिला कृषि पदाधिकारी वरुण कुमार ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, यथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन तथा किसान समृद्धि योजना के उद्देश्यों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी.जिला उद्यान पदाधिकारी रवि कान्त रजक ने माली प्रशिक्षण के महत्व एवं उससे मिलने वाले लाभों के साथ पपीता, ओल तथा अन्य बागवानी फसलों की खेती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील महिला किसानों ने अपने अनुभव साझा किए.

विश्व हाथ धुलाई दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

उधवा – विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर गुरुवार को उधवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जल सहियाओं ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया.इस दौरान लोगों को हाथ धोने के सही तरीके बताए गए और स्वच्छता अपनाकर बीमारियों से बचने की जानकारी दी गई.इसी क्रम में मास्टर जल सहिया असनारा बीवी ने पश्चिमी उधवा पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खाड़ी मिर्जानगर में बच्चों को जागरूक किया.उन्होंने शौचालय का उपयोग करने के बाद और खाना खाने से पहले साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने का तरीका बताया.साथ ही बताया कि नियमित रूप से सही तरीके से हाथ धोने से डायरिया, पेट संबंधी संक्रमण सहित कई बीमारियों से बचाव किया जा सकता है.उन्होंने बच्चों को स्वच्छता की आदत अपनाने और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की.वहीं उधवा प्रखंड के अन्य पंचायतों में जल सहियाओं ने विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया.मौके पर शिक्षक नकेश सरकार सहित अन्य मौजूद थे.

महिला किसान दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

उधवा -उधवा प्रखंड के पूर्वी उधवा पंचायत सचिवालय में गुरुवार को महिला किसान दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत के मुखिया दीपा देवी की अध्यक्षता में हुआ.कार्यक्रम में दर्जनों महिला किसान उपस्थित हुए.इस दौरान महिला किसानों को कृषि से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ उठाने की अपील की.महिलाओं को कृषि के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया.आधुनिक तकनीक और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाकर फसलों का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है.मौके पर प्रभारी कृषि पदाधिकारी ओम प्रकाश साहा,बीटीएम सत्येंद्र यादव कृषि मित्र विक्रम सरकार,नाजिर शेख सहित अन्य उपस्थित थे

रूपी सोरेन को ताला मरांडी ने दी श्रद्धांजलि

तीनपहाड़ - झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की माता स्वर्गीय रूपी सोरेन जी को श्रद्धांजलि देने के लिए गुरुवार को बोरियों विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ताला मरांडी नेमरा पहुंचे.उन्होने उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर चल रही तैयारी पर चर्चा की. उन्होंने स्वर्गीय रूपी सोरेन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

तालझारी मे महिला किसानों को दी गई जैविक खेती का प्रशिक्षण



तीनपहाड़- तालझारी प्रखंड अंतर्गत इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर के तहत् रबी फसल की खेती को बढ़ावा देने व महिला किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 40 महिला किसानों ने भाग ली.प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड के एफटीसी कृष्णकांत रक्षित ने महिला किसानों को जैविक खेती से संबंधित विस्तृत जानकारी दी. तीन दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में महिला किसानों को जैविक खेती के महत्व, जैविक खाद के उपयोग, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने तथा फसलों के बेहतर प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की गई. साथ ही रबी फसलों की खेती में जैविक पद्धतियों को अपनाने और रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने के लिए प्रेरित किया गया.प्रशिक्षण के दौरान महिला किसानों को गोबर की खाद, कम्पोस्ट एवं अन्य जैविक खादों के उपयोग, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा कम लागत में बेहतर कृषि उत्पादन प्राप्त करने के तरीकों से अवगत कराया गया.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई निविदा सूचना संख्या – RWD/SD/GODDA/23/2026-27

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र०सं/ ग्रुप संख्या	प्रखड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	मेहरमा	शंकरपुर में चंपा पैक्स के पास पुलिया का निर्माण।	95,87,200.00	1,92,000.00	10,000.00	04 माह
2	ठाकुरगंगटी	डहुपकारिया में सोलेन टुडू फार्म के पास पुलिया निर्माण।	58,98,400.00	1,18,000.00	10,000.00	04 माह
3	ठाकुरगंगटी	डहुपकारिया में सिंधरैया बांध पर चेक डैम का निर्माण।	71,17,700.00	1,42,500.00	10,000.00	04 माह
4	ठाकुरगंगटी	कुमरा तालाब के पास महूरा में चेक डैम का निर्माण।	58,15,300.00	1,16,500.00	10,000.00	04 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.10.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.10.2026 से दिनांक 31.10.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गोड्डा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 02.11.2026 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9771979309
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की वैद्यता निर्गत की तिथि से 6 माह होगी एवं उपायुक्त द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की वैद्यता 1 वर्ष की होगी।
11. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार होगा।
12. इस प्रमंडल के अन्तर्गत पूर्व से लंबित कार्य रहने एवं आवंटित कार्य का एकरारनामा नहीं करने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
13. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।

PR 391824 Rural Development(26-27)D

कार्यालय–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, साहेबगंज

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालीन ई0–निविदा संख्या–08/2026–27/NREP/Sahibganj

क्र0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	निविदा शुल्क	कार्य समाप्ति की तिथि
1	NREP/Sahibganj /01/2026-27	Construction of Two additional Class Room and Two unit Toilet with Deep Boring at PS Jhikrabandh under Pathna Block.	2496500	50000	5000	04माह
2	NREP/Sahibganj /02/2026-27	पतना प्रखंड के ग्राम तालझारी मध्य विद्यालय में 4 क्लास रूम का निर्माण।	3668600	74000	5000	04माह
3	NREP/Sahibganj /03/2026-27	पतना प्रखंड अंतर्गत ग्राम लखीपुर में उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 4 क्लास रूम का निर्माण।	3668600	74000	5000	04माह
4	NREP/Sahibganj /04/2026-27	Construction of 02 Additional Class Room in UPG PS Kairotok, Under Pathna Block	2496500	50000	5000	04माह
5	NREP/Sahibganj /05/2026-27	बरहेट प्रखंड के ग्राम झबरी मध्य विद्यालय में 2 क्लास रूम का निर्माण।	2269600	54000	5000	04माह
6	NREP/Sahibganj /06/2026-27	बरहेट प्रखंड अंतर्गत पंचायत खैरवा के ग्राम डुमरिया मध्य विद्यालय में भवन मरम्मति।	2319900	47000	5000	04माह
7	NREP/Sahibganj /07/2026-27	Construction of Two additional Class Room and Two unit Toilet with Deep Boring at UPS Gandey Moko Motipahari Under Borio Block.	2496500	50000	5000	04माह
8	NREP/Sahibganj /08/2026-27	बोरियो प्रखंड अंतर्गत मोतीपहाड़ी पंचायत के उ0प्रा0विद्यालय मोमीनटोला में तीन अतिरिक्त कक्षा का निर्माण।	4853895	98000	5000	04माह
9	NREP/Sahibganj /09/2026-27	बोरियो प्रखंड अंतर्गत तेलो पंचायत के उ0म0विद्यालय बरमसिया–01 में नया भवन का निर्माण कार्य।	3668600	74000	5000	04माह
10	NREP/Sahibganj /10/2026-27	तालझारी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भतभंगा पहाड़ में 06 अतिरिक्त कमरे का निर्माण कार्य।	5699400	114000	5000	04माह
11	NREP/Sahibganj /11/2026-27	Construction of Two additional Class Room and Two unit Toilet with Deep Boring at UPS Devana Pahad Under Taljhari Block.	2496500	50000	5000	04माह
12	NREP/Sahibganj /12/2026-27	मास्टर सोबरन मांझी अनुमंडलीय पुस्तकालय, साहेबगंज में Study Cabin, 02 Washroom and 01 Urinal का निर्माण कार्य।	1219800	25000	2500	03 माह

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 22.10.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–02.11.2026 अपराहन 05.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 04.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे।
4. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
5 ग्रामीण कार्य विभाग एवं भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के संवेदक ही निविदा में भाग लेंगे।
6.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, साहेबगंज।
7. निविदा संबंधी जानकारी विशेष जानकारी हेतु मोबाइल न०–7870217090 पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट https://www:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, साहेबगंज

PR 391879 NREP(26-27)#D

देवघर नगर निगम
राजा बगीचा, विलियम्स टाउन, देवघर – 814112

पत्रांक :– 2217 दिनांक:–15.10.2026

आम सूचना

विभागीय निर्देशानुसार देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित भवनों से प्रोपर्टी टैक्स, वाटर यूजर चार्जेज तथा ट्रेड लाईसेंस शुल्क वसूली हेतु Revenue Augmentation support personnel (RAS Personnel) एवं लेखापाल का अनुबंध के आधार पर सेवा अल्पकालीन समय में ली जानी है। उक्त पदों हेतु सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है। उम्मीदवारों की संख्या, शैक्षणिक योग्यता, आयु, अनुभव तथा देय मानदेय निम्नवत दर्ज है :–

क्र0. स0	पद का नाम	कुल पद	योग्यता	उम्र सीमा	मानदेय
1	Revenue Augmentation support personnel (RAS Personnel)	22	इन्टरमीडिएट या समकक्ष	न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष (30.09.2026 तक)	समान्य नागरिक को "अकुशल श्रेणी" के न्यूनतम दर अनुरूप राज्य सरकार द्वारा निधारित दैनिक न्यूनतम् मजदूरी दर देय होगा।
2	लेखापाल	01	B.Com स्नातक या समकक्ष	न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष (30.09.2026 तक)	समान्य नागरिक को एवं "कुशल श्रेणी के न्यूनतम दर" अनुरूप राज्य सरकार द्वारा निधारित दैनिक न्यूनतम् मजदूरी दर देय होगा।

1- Police Clearance Certificate (PCC) प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा (आवेदन की पावती/रसीद मान्य नहीं होगी)।
2. अनुबंध की अवधि के दौरान चयनित उम्मीदवार किसी अन्य सरकारी, अर्ध–सरकारी या निजी संस्थान में सेवा (नौकरी या व्यवसाय) नहीं कर सकेंगे।
3. अभ्यर्थी के पास स्वयं का स्मार्टफोन होना तथा सुचारू रूप से उपयोग आना अनिवार्य है।
4. देवघर में निवास करने वाले अभ्यर्थी को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
5. यह नियोजन पूर्णतः अस्थायी है, भविष्य में स्थायीकरण हेतु किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
6. यह नियोजन 11 महीने के अनुबंध पर आधारित होगा। अवधि समाप्त होने पर नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी। कार्य संतोषजनक पाए जाने पर सक्षम पदाधिकारी के स्तर से अवधि विस्तार पर विचार किया जा सकेगा।
7. विभागीय निर्देश के आलोक में अनुबंध अवधि के बीच में भी चयनित उम्मीदवारों का अनुबंध समाप्त किया जा सकेगा।
8. देवघर नगर निगम के पास बिना कोई कारण बताए इस विज्ञापन/भर्ती प्रकिया को किसी भी स्तर पर आंशिक या पूर्ण रूप से संशोधित अथवा रद्ध करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। इसके विरूद्ध कोई भी दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
9. अनुभवी आवेदकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।

यह नियोजन पूर्णतः अस्थाई के आधार पर है। नगर आयुक्त, देवघर नगर निगम के पास विवेकाधिकार सुरक्षित रहेगा कि वे बिना कोई कारण बताए अथवा बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी कर्मी की सेवा तत्काल समाप्त कर सकते हैं। इस संबंध में नगर आयुक्त का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
आवेदन प्रपत्र का प्रारूप देवघर नगर निगम कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है, जिसका अवलोकन कार्यालय समय अवधि पर किया जा सकता है।

इच्छुक उम्मीदवार आवेदन प्रपत्र के साथ वांछित शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पंजीकृत डॉक्टर द्वारा निर्गत मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (PCC) और सेवानिवृत्ति दस्तावेज (यदि लागू हो) (Experience Certificate from Agency Office) सबंधित ऐजेंसी से अनुभव प्रमाण–पत्र एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ दिनांक 26.10.2026 को 5.00 PM बजे तक कार्यालय पत्ता – "नगर आयुक्त, देवघर नगर निगम, न्यू ऑफिस बिल्डींग, राजा बगीचा, विलियम्स टाउन, देवघर – 814112" में निबंधित डाक/कूरियर/स्पिड पोस्ट अथवा स्वंय उपस्थित होकर जमा करना सुनिश्चित करेगें। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त आवेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी के उपरांत केवल योग्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु E-mail/दुरभाष के माध्यम से सूचना प्रेषित की जाएगी।

साक्षात्कार की तिथि एवं समय :– दिनांक 31.10.2026 को पूर्वा0 11.00 बजे से आहुत किया जाएगा।

ह0/–
नगर आयुक्त,
देवघर नगर निगम, देवघर

PR 391927 Deoghar(26-27)#D

सिरा़मंत्री दो़ बोंगातलावाकान एंगाते उमुल आदेर केदेया

खोबोरिया

रामगढ़। सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ सोमाज रेयाक् आ़रीचा़ली आर पा़तियाउ लेकारे सा़रदीमाहां हिलोक् आपनार बोंगातलावाकान एंगात रूपी सोरेनाक् उमुल आदेर पुरूछुने पुरा़उ केदा। सिरा़मंत्री दो़ रामगढ़ जिला रेयाक् नेमरा रेयाक् आपनार ओड़ाक्रे एंगाताक् उयहा़र रे दिना़म लेका गे दा़तीनी, दाक् आर जो़माक् सामाङ काते पुरूछुन का़मीय पुरा़उ केदा। नोआ ताक रे उनी दो़ घारो़ंज रेन सो़ंगे ते सोमाज रेयाक् आ़रीचा़ली मानव-बाताव तुलुच् उमुल आदेर पुरूछने पुरा़उ केदा।

पूर्व रेलवे

ई-ठिका़ खो़बो़र सं.: ओ-एसी-टी-155-157-26-27 (खुला़), मा़हित 13.10.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते लातार रे ओ़लाकान का़मी ला़गित् ई-ठिका़ (खुला़) नेवतायेत् काना: **क्रम सं. 1 आर केस संख्या:** ओ-एसी-टी-155-26-27, **का़मी रेयाक् ञुतुम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल ता़री रे एईएन/II/ आसनसोल रेयाक् का़मीटोठा रे सीतारामपुर स्टेशन रे 4 लिफ्ट बेबो़सताय ला़गित् खुला़ ठिका़। **ठिका़ रेयाक् पूंजी:** रु. 2,19,29,409.82, **बायना पायसा:** रु. 4,38,600/-, **का़मी पुरा़उ रेयाक् सो़मो़य:** 12 चान्दो। **क्रम सं. 2, केस संख्या:** ओ-एसी-टी-156-26-27, **का़मी रेयाक् ञुतुम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल ता़री रे एईएन/मुयालय/आसनसोल रेयाक् का़मीटोठा रे आसनसोल रे स्टाफ क्वार्टरको ला़गित् पीवीसी टैंक बेबो़सताय ला़गित् खुला़ ठिका़। **ठिका़ रेयाक् पूंजी:** रु. 84,52,441.95, **बायना पायसा:** रु. 1,69,000/- **का़मी पुरा़उ रेयाक् सो़मो़य:** 6 चान्दो। **क्रम सं. 3, केस संख्या:** ओ-एसी-टी-157-26-27, **का़मी रेयाक् ञुतुम:** वरिष्ठ डीईएन/4/आसनसोल रेयाक् खंड रे अवाइडेबल जॉइंट रे एसकेवी वेल्डिंग बाखरा खुला़ ठिका़। **ठिका़ रेयाक् पूंजी:** 47,59,304.50, बायना पायसा: रु. 95,200/-, **का़मी पुरा़उ रेयाक् सो़मो़य:** 12 चान्दो। **बों़दो़क् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य:** 09.11.2026 हिलोक् 12.00 बजे। पुरा़उ बानाडाय दो़ रेलवे रेयाक् वेबसाइट www.ireps.gov.in रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-290/2026-27

ठिका़ खो़बो़र दो़ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

महिला किसान दिवस रे तुरूई गो़टेच् मो़ंज का़मियान मायजिव चा़सीको मानो़त केत्कोआ

खोबोरिया

खूंटी। कृषि क्षेत्र रे मायजिवकोवाक् एनेम, ओनकोवाक् कुरूमुटू आर एनेमको मानो़त एमावाक् मो़तलो़ब ते लुखीवार हिलोक् संयुक्त कृषि भवन सभागार रे अंतरराष्ट्रीय महिला किसान दिवस ओराम एना। का़मीहो़रा रेयाक् आसो़ल विषय विकसित कृषि आर विकसित भारतबेनाव रे मायजिव चा़सीकोवाक् एनेम ताहेंयेना। नोआ ओ़पसो़र रेजिला़ रेयाक् जुदा़ जुदा़ प्रखंडको खो़न हेच्एन तुरूई गोटेच् मो़ंज का़मीआकात् मायजिव चा़सीकोवाक् एनेम ला़गित्को मानो़त केत्कोआ। का़मीहो़रा रे आसो़ल पेड़ा रूप रे जिला कृषि पदाधिकारी दो़ चासा

क्षेत्र रे मायजिव चा़सीको सेलेदो़क्कान आरओनकोवाक् एनेमे सारहाव केदा। उनीय मेन केदा जे कृषि बेबो़सता केटेच् बानाव आर आतो का़उडीबेबो़सता लाहा बाढ़ाव रेमायजिवकोवाक् का़मी जा़रूड़ान गेया। मायजिव चा़सीको सांव सांवते घारो़ंज रेयाक् का़उडी हालो़त केटेज आर आजीविका रेयाक् नावां ओ़पसो़र विकसित रे हों जा़रूड़ानाक् एनेमको एमेत् काना।नोते, आत्मा रेन परियोजना निदेशक दो़ कृषि विभाग सेच् खो़नचालाक्कान जुदा़-जुदा़ योजनाकोए ला़ई केदा। उनी दो़ कृषि विकास रे मायजिवको सेलेदो़क् बाढ़ाव आर सरकारी योजनाको रेयाक्जासती हो़ड़ लाभ सेटेराको रेयाक् जा़रूड़तेत् रे जो़र एमकेदा। का़मीहो़रा रे जुदा़-जुदा़ प्रखंड खो़नको हेच्एन महिला चा़सीको दो़आकोवाक् अनुभव आर सफ्लता रेयाक् का़हनीको ला़ई केदा। नोआ ओ़कते तुरूई प्रखंड रेन मिमित्टेन काते मो़ंज का़मी आकात्मायजिव चा़सीको मानो़त केत्कोआ। मानो़तको रे खूंटी खो़न पुष्पा देवी, अड़की खो़न चंपा देवी, कर्रा खो़न प्रभा देवी, मुरहू खो़न सुसानाकंडील, रनिया खो़न अंकिता खलखो आर तोरपा खो़न इतवारी देवी सेलेत् एनाको। का़मीहो़रा रे उप परियोजना निदेशक, आत्मा, एनएफएसएनएमटीए, जो़तो़ प्रखंडको रेयाक् बीटीएम आर एटीएम, जेएसएलपीएस रेन मायजिव रा़सिया़, एफपीओ आर एमाको सांव जोड़ाव मायजिवको घालो़क् आर एटाक्कोको ताहेकाना।

दुर्गा पूजा़ सेटेरेन ते रांची पुलिस सो़न्तो़र रे मेन रोड रेको ओडोक केदा फ्लैग मार्च

खोबोरिया

रांची। रांची पुलिस दो़ दुर्गा पूजा़ रे शांति सालाक् आर मो़ंजमाहौल रे होय ओचोय ला़गित् सुरक्षा बेबो़सताको केटेच् आकादा। नोआ ताक रे लुखीवार हिलोक् पुलिस दो़ फिरायालाल चौक खो़न मेन रोड सेच् ते सुजाता चौक धा़बिच् लैग मार्चको ओडोक केदा। नोआ ओ़कते अधिकारिको दो़ सुरक्षा बेबो़सताको कुलीयाना आर जवानको दो़ पुरीसो़नतोर सालाक् ड्यूटीयको बातलावात्कोआ। लैग मार्च ओ़कते पूजा़ पांडालको, संवेदनीशील इलाका आर विसर्जन जुलुस निट हो़रकोय ओ़नमान केदा। नोआ छाडा ड्रोन गो़ड़ों ते जा़रूड़आनाक् आर संवेदनशील ठा़ंवको रे निगरानीको दो़हो़ केदा। पुलिस अधिकारिको दो़ जवानको मो़ंजतेय का़मीय आर जाहांन आपात हालो़त सांव सामबड़ावक् ला़गित् तेयार ताहेंने बातलावात्कोआ। लैग मार्च रे नगर पुलिस अधीक्षक, यातायात पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, रांची रेन अनुमंडल पदाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक कोतवाली आर पुलिस उपाधीक्षक नगर घालो़क् आयमा अधिकारीको सेलेत् एना।

वेस्टइंडीज बिरो़द टी20 मैच रे हारावेन तायो़म संजू सैमसन दो़ तिलक आक् विकेट टर्निंग पॉइंटे मेतावादा

खोबोरिया

हैदराबाद । भारत रेन विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन दो़ वेस्टइंडीजबिरो़द पोनाक् टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच रे भारत 24 रन तेय हारावेन तिलक वर्मावाक् विकेट गे मो़हो़तानाक् टर्निंग पॉइंटको ला़ईकेदा। उनी दो़य मेन केदा जे मो़ड़ेयाक् विकेट ञुरेन तायो़म तिलक वर्मा आर नितीश कुमार रेड्डी ताकिनाक् जो़ड़हा ते भारत दो़ टारगेट पांजाय ला़गित् ते आ़डी मो़ज स्कोरे बेनाव लेदा। सा़गुनमाहां हिलोक् हैदराबाद रे खिलोड होयेन मैच रे शाई होप आक् मो़ज शतक आर कीमो पॉलाक् मो़ड़ेयाक् विकेट गो़ड़ो़ ते वेस्टइंडीजदो़ भारत 24 रन तेय हाराव केदेया। मो़ड़े गो़टेच् मैचको मुद रे नित हा़बिच् ते बारबारी रे गे मेनाक्आ। मुचा़त् मैच दो़ 17 अक्टूबर हिलोक् बेंगलुरू रेयाक् एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम रेकिनखिलोडा।

तिलके आउटएन ते मैच गे लिचा़ड़ेना 248 रन टारगेट पांजाय तुलुच् भारतीय टीम दो़ 12 आक् ओवर रे 130 रन रे मो़ड़ेयाक् विकेट ञुरेना। ओना तायो़म तिलक वर्मा आर नितीश कुमार रेड्डी ताकिन दो़ ओ़बो़सताकिन सामबड़ावकेत् तेभारताक् आस हेच् एना। बानार हो़ड़ गे मित् घा़ड़िच् ते रन बेनाव तुलुच् 19 बॉल रे 48 रनकिन बेनाव केदा। मेनखान रोमारियो शेफर्डदो़ तिलके आउट केदे ते नुकिनाक् जो़ड़हाये रा़पुत्केत् ताकिना, ओना ते

मैच दो़ टर्निंग पॉइंट रे हेच् एना। सैमसन दो़ मैच तायो़म खो़बो़रियाकोय ला़यात्कोआ जे तिलके आउटएन ते मैच टर्निंग पाइंटरे हेच् एना। इञ मो़ंज ओ़बो़सता रेञ ताहेंकाना आर जो़तो़ ओवर रे 10-12 रन रेट ते आ़डी मो़ंजिञ दालेत्कान ताहेंना। प्रेसर ओ़बो़सता रे रेड्डी आर तिलक ताकिन आ़डी मो़ंजकिन खिलोडकानताहेंना। हुदिसो़क् काना़ञ जे उन ओ़कते इञ टारगेट बा़ञ पांजा दाड़ेयाक्किया। उनी दो़य मेन केदा जे मो़ड़ेयाक् विकेट ञुरेन तायो़म हों नोडका गेञ सामबड़ाव लेखान आ़डी मो़ज होयकोक्आ। बारया जुवा़न क्रिकेटर दो़ आ़डी कुरूमुटू होयेन ताकिना आर वेस्टइंडीज रेन बॉलरकोवाक् बॉल दो़ पुरा़किन दालकेत् ताकोआ।

उत्तर कोरिया दो़ सबमरीन खो़ने लॉन्च होय दाड़ेयाक् बारया क्रूज मिसाइलको जाँच केदा

सियोल। उत्तर कोरिया दो़ सा़गुनमाहां हिलोक् पूर्वी सागर रे सबमरीन खो़न लॉन्च होय दाड़ेयाक् बार रो़को़म स्टे:टेजिक क्रूज मिसाइलको जाँच केदा। सरकारी समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) दो़ सा़रदीमाहां हिलोक् नोआ रेयाक् बानाडाये एमेना। केसीएनए आक् खो़बो़र लेका ते दक्षिण कोरिया रेयाक्सरकारी समाचार एजेंसी योनहाप दो़य ला़ई केदा जे नोआ जाँच रेयाक् जो़सतेत् दो़ दाक् भितरी ते चाक्लाक् खाण्डा-बाण्डा सिस्टमसाप्-सापड़ावको जाँचेत्कान ताहेंना। एजेंसी दो़य मेन केदा जे नोआते नौसेनावाक् स्टे:टेजिक कैंपेनको पुरा़उ ला़गित् ते दाड़ेको जाँच केदा आर दिसा़म रे डिटरन्ट वेपन रे पा़तिया़उ आर ओनारेयाक् एसेरे बाडाये आटकार केदा। रिपोर्ट लेका ते मिसाइल जाँचता़नखीय ला़गित् ते सत्ता रे मेनाय वर्कर्स पार्टी ऑफकोरिया रेन केंद्रीय सैन्य आयोग रेन सदस्य किम जोंग-सिक, मिसाइल प्रशासन रेन महानिदेशक जांग चांग-हा आर नौसेनावाक् सबमरीन खाण-बाण्डा सिस्टम सांवते जो़पड़ाव मेनाक् इंजीनियरको जाँच केदा। नोआ घो़टना दो़ उत्तर कोरिया सेच् खो़न ओ़तेमाहां हिलोक् प्योंगयांग टोठा खो़न पूर्वी सागर नाखा रे सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलको जाँचकेत् तायो़म थो़ड़ा दिन तायो़म सो़दो़रेनाा। उत्तर कोरिया दो़ बालेमाहां हिलोक्ए मेनलेदा जे ओना जाँच रेयाक् जो़सतेत् दो़ मित्टेन मो़हो़तानाक् आसो़लजिनिस तकनीकी रूप ते मॉडर्न बेनाव ला़गित् ते खो़ंदरो़ंङ रेयाक्जितका़र ला़गित् तेय ताहेंकाना।

गेस्ट हाउस रे पा़सी बाबेर रे आकावाकानको ञाम केदा मुजफ्फरनगर रेन यूट्यूबराक् मांड़ी

खोबोरिया

हरिद्वार। कलियर रे मेनाक् मित्टेन गेस्ट हाउस रे सा़रदीमाहांहिलोक् सेताक् मुज फ्फरनगर रेन गिरा़बासी 32 बो़छो़र रेन यूट्यूबर आतिफाक् मांड़ी कुठरी रेको ञाम केदा। घो़टना रेयाक् खो़बो़र ञाम तायो़म टोठा रे हो़ड़को आंदमांदाव चाबायेना। खो़बो़र ञाम तायो़म पुलिस दो़ घो़टना जायगा तेको सेटेरेना आर घो़टना जायगा ओ़नमान काते आपनार गो़बो़ल रे मांड़ीको दो़हो़ केदा आर पोस्टमार्टम ला़गित्को कोल केदा। पुलिस दो़ मामलाको जांचेत्

काना।

ञाम आकान खो़बो़र लेकाते मुज फ्फरपुर जिला रेयाक् निराना आतो रेन गिरा़बासी आतिफ दो़ मुज फ्फरनगर रे भाड़ा तेय ताहेंनो़क्कानताहेंकाना आर इंस्टाग्राम रे वीडियोय बेनावेत्कान ताहेंकाना। ला़या़गो़क् काना जे उनी दो़ मित्टेन मायजीउ आर उनी रेन बो़को़त कोड़ा सो़ंगेय ताहेंनो़क्कान ताहेंकाना। चेत् काथा तेचो़ मायजीउ सो़ंगे तेय रेटेपेटे लेना। ओना तायो़म सा़गुनमाहां हिलोक् ञिन्दा़ मोटामुटी 11 बजे आतिफ दो़ कलियर तेय चालावेना आर गेस्ट हाउस रे भाड़ा ते कुठरीय हाताव केदा। ला़या़गो़क् काना जे सा़रदीमाहां हिलोक् सेताक् मोटामुटी 5 बजे मायजीउ दो़ आतिफ वीडियोय कॉलादे ताहेंकाना। उन ओ़कते आतिफ दो़ला़ई लेकाते आयाक् जिवी नासाव काथाय मेनेत्कान ताहेंकाना। मायजीउ दो़ एटाक् मोबाइल ते वीडियो कॉल ते आतिफरेन बो़को़त कोड़ाघो़टनाय उदुक् आदेया। ओना तायो़म बो़को़त कोड़ा दो़ वीडियोरेयाक् स्क्रीनशॉट घारो़ंज रेन हो़ड़े कोलात्कोआ। घो़टना रेयाक् खो़बो़र ञाम सांवते आतिफ ताको घारो़ंज रेनकलियर कोतवाली तेको सेटेरेना आर पुरा़उ मामला पुलिसको ला़यात्कोआ। घारो़ंज रेन हो़ड़ ठेन खो़न ञामेन बानाडाय लेकातेलोकेशन आधार रे पुलिस दो़ गेस्ट हाउस तेको सेटेरेना, ओ़न्डे कुठरी रे आतिफाक् मांड़ी पंखा रे आकावाकानको ञाम केदा। पुलिस दो़ जा़रूड़ो़क्आक् कार्रवाई तुलुच् पोस्टमार्टम ला़गित्मांड़ीको कोल केदा।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी दो़य ला़ई केदा जेमांड़ी दो़ पोस्टमार्टम ला़गित्को कोलेत् काना। मामला रेयाक् जांच चालाक् काना। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आर जांच रे हिजुक्आक् सा़बुतलेका रे लाहा सेयाक् कार्रवाई होयोक्आ।

कार्यालय
असैनिक शल्य चिकित्सक -सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, देवघर
राजकुमारी कुष्ठाश्रम, झौंसागढ़ी, देवघर–814112
Email-deoghar.cs1@gmail.com

अल्पकालीन निविदा सूचना

विभागीय संकल्प संख्या–274(7) दिनांक 01.11.2022 के आलोक में अधोहस्ताक्षरी को उपभोग करने हेतु बोलेरो (Bolero) बाह्य स्त्रोत से वाहन की आवश्यकता है। जिसे हेतु परिवहन विभाग, झारखण्ड, रॉंची की अधिसूचना सं0–390 दिनांक 07.03.2026 के द्वारा निर्धारित दर पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु वाणिज्यकर निबंधन युक्त वाहन के इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्त्ता से दैनिक भाड़ा वाहन विवरणी के साथ चालक सहित एवं चालक रहित (सभी कर सहित) दर निबंधित डाक के माध्यम से असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, देवघर के कार्यालय में दिनांक 25.10.2026 तक उपलब्ध करा सकते है।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,देवघर

PR.NO.391911 Deoghar(26-27):D

Annexure-A

Office of The Principal District & Sessions Judge, Deoghar

Tender Notice
Memo No. 1298 /Dated 15.10.2026
Inviting Tender for regular maintenance of toilets and cleanliness in the Judgeship of Deoghar.

Pursuant to Letter No. 166/Admn. Misc. dated 15.05.2026 of the Hon'ble High Court of Jharkhand, a committee was constituted vide Order No.194 dated 30.06.2026 to engage professional outsourcing agencies for cleanliness and maintenance of toilets/ washrooms of Judgeship of Deoghar. The committee has resolved to invite proposals from outsourcing agencyies for engaging professional outsourcing agencies on contractual basis to provide services for regular maintenance, cleanliness and upkeep of toilets/washrooms in the Judgeship including Civil Courts premises, Deoghar and Sub-Divisional Civil Courts, Madhupur, by employing modern cleaning methods and machinery.

Accordingly, sealed proposals are hereby invited from outsourcing professional agencies having requisite experience and resources to undertake the work of cleanliness and maintenance of toilets/washrooms at following court premises.

1. Civil Courts, Deoghar (Main Building, Madhupur Annexee building, FTC building, CJM building, Two court rooms outside the campus, Heath clinic, Hazat & premises of Civil Courts) including all toilets.
2. Sub-Divisional Civil Courts, Madhupur (Main building) including all toilets.

Interested agencies are required to submit their proposals along with details of manpower, cleaning equipments, methodology and financial quotation prepared after visiting the court premises to assess the requirements (pre-bid site inspection) during office hour of **27.10.2026 to 29.10.2026** for which necessary assistance will be provided.

The required Tender/Proposal must be submitted in sealed cover addressed to the undersigned on or before **10.11.2026**. Proposals received after the last date shall not be entertained.
Email: deogharcivilcourts@gmail. com

Sd/-
Judge-in-Charge,
Civil Courts, Deoghar

PR 391918 Deoghar(26-27).D

कार्यालय, नगर परिषद, दुमका
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

।। आम सूचना।।

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में दुमका, नगर परिशद शहरी क्षेत्र अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Center के संचालन हेतु 03 चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जानी हैं। चिकित्सक पद के चयन हेतु आगामी दिनांक 27.10.2026 को पूर्वाहन 11:30 बजे Walk in interview नगर परिषद कार्यालय में निर्धारित की गयी हैं। इच्छुक चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

क्र0	विवरणी	आवश्यक शर्ते
01	पदनाम	General Duty Medical Officer
02	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	मेडिकल कॉन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री
03	उम्र सीमा	अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा)।
04	मानदेय	रू0 63,000/– (तिरसठ हजार रूपये मात्र)
05	कुल रिक्तियां	03 (तीन) पद

अन्य शर्ते –

1. चयनित चिकित्सकों की सेवा संविदा के आधार पर की जायगी तथा भविश्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
2. मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जायेगी।
3. कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा)
4. Walk in interview में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
5. Walk in interview के लिए उम्मीदवार अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ दुमका, नगर परिषद कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, दुमका

PR 391904 District (26-27)_D

Office of the Executive Engineer, Building Construction Department Building Division, Sahebganj.

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

1- Sender's Name & Address for Publishing :- Executive Engineer, Building Division, Sahebganj
2- Date & Time for selling of B.O.Q. :- Date 26.10.2026 Up to 2:00 PM.(On work day)
3- Date & Time for Receiving of sealed tender - Date 27.10.2026 up to 3:00 PM.
4- Date & Time for Open of Sealed tender :- Date 27.10.2026 up to 3:30 PM.
5- Selling Place of BOQ :- Office of the Executive Engineer, Building Division, Sahebganj & Office of the Superintending Engineer, Building Circle, Dumka.
6- Receiving Place of Sealed Tender :- Both Places as per Serial No. 5
7- Details of work :-

Sl. No.	Name of work	Estimated Amount (Rs.).	Earnest Money.	B.O.Q. Rate (Rs.)	Time period for Completion of work
1	Construction of Drain at Civil Court Rajmahal in District, Sahebganj	25,48,800.00	51000.00	5000.00	3 Months
2	Construction of Approach Road length 510 feet at Civil Court, Rajmahal, Sahebganj	10,90,200.00	22000.00	2500.00	2 Months
3	Construction of Approach Road length 100 feet & Gate at Civil Court, Rajmahal, Sahebganj	3,43,550.00	7000.00	750.00	2 Months
4	Construction of 02 Additional Class room in Govt. MS Kajigoan, Block-Rajmahal, Dist-Sahebganj	19,88,700.00	40000.00	5000.00	6 Months
5	Construction of 02 Additional Class room in Govt. PS Jaskutti Block-Taljhari, Dist-Sahebganj	19,88,700.00	40000.00	5000.00	6 Months
6	Construction of 02 Additional Class room in Govt. UPG MS Bochahi Block-Mandro Dist-Sahebganj	19,88,700.00	40000.00	5000.00	6 Months
7	Construction of 02 Additional Class room in Govt. PS Jirli Karhariya Block-Mandro Dist-Sahebganj	19,88,700.00	40000.00	5000.00	6 Months

Note:-.1.The Special Conditions may be seen at Office notice Board. Estimated Cost may be increased or decreased. Earnest Money shall be as per BOQ amount, PR No.391087 (Building)26-27*D related to Sl, No.1 to 3 as mentioned above had been cancelled due to some unavoidable reason therefore retender has been invited as above.
2. Bank drafts must remain valid for two months on the date of sale of tender paper.

Executive Engineer.
Building Division, Sahebganj

PR 391828 Building(26-27)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।
ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – RWD/SD/GODDA/21/2026-27RE

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्रम	प्रखंड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	मेहरमा	पंचायत– सिमानपुर, ग्राम– खिरौंधी अम्बेदकर चौक मुख्य सड़क से आंगनबाड़ी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	33,41,400.00	67,000.00	5,000.00	03 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.10.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.10.2026 से दिनांक 26.10.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गोड्डा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 28.10.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9771979309
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. ई निविदा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
12. किसी भी निविदाकार के यंत्र–संयंत्र एवं बिड क्षमता के मापंदडों पर प्रत्येक में सक्षम होने पर ही तकनीकी योग्यता पर विचार किया जायेगा।
13. जिस संवेदक का विभाग में पूर्व आवंटित कोई कार्य लंबित है अथवा उनका कार्यान्वयन संतोशजनक नहीं रहा है, उन्हें कार्य आवंटन पर विचार नहीं किया जायेगा।
14. किसी भी संवेदक को कार्य आवंटन के उपरांत सबलेट करना एकरारनामा शर्त्त का उल्लंघन होगा एवं समुचित सूचना प्राप्त होने पर एकरारनामा रद्द करते हुए संवेदक को काली सूची में डालने की कार्रवाई की जायेगी।
15. किसी भी संवेदक के कार्य आवंटन के क्रम में उनके ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत कुल कार्य भार के आलोक में उपलब्ध यंत्र–संयत्र एवं वित्तीय क्षमता की सीमा तक नये कार्य आवंटन पर विचार किया जायेगा।
15. पथ निर्माण विभाग, झारखंड, रॉंची का पत्र संख्या 2146 (S) दिनांक 09.09.2020 में निहित प्रावधान के आलोक में निविदा की कार्यवाही की जा रही है।
16. आमंत्रित निविदा के समय निर्धारण के लिए JPWD Code 2012 के Para-159a का अनुपालन किया गया है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गोड्डा।

PR 391823 Rural Development(26-27)D

दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

जरमुंडी। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जरमुंडी पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। इसी क्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जरमुंडी नवल किशोर सिंह के नेतृत्व में गुरुवार की दोपहर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च भागलपुर बस स्टैंड स्थित पानी टंकी के पास से शुरू होकर जरमुंडी मुख्य बाजार तक पहुंची। इस दौरान शहर के मुख्य पूजा पंडालों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थलों से होते हुए गुजरी। एसडीपीओ नवल किशोर सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम लोगों में सुरक्षा का भाव पैदा करना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है। सभी पूजा समितियों को प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करने, ध्वनि विस्तारक यंत्र की ध्वनि सीमा, बिजली की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी दयानंद साह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी, जिला पुलिस बल शामिल थे।

बड़ा चपूड़िया में दसांय पर्व की धूम

मसलिया। मसलिया प्रखंड के बड़ा चपूड़िया गांव में दसांय पर्व की धूम मची हुई है। पर्व को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। आदिवासी परंपरा और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े इस पर्व के अवसर पर 40 लोगों का दल मयूर पंख और कांसा के करताल-झाल के साथ दसांय नृत्य करते हुए पांच गांवों का भ्रमण कर रहा है। पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्रों के साथ कलाकार अपनी सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए हुए हैं। दसांय पर्व के संबंध में सुशील सोरेन ने बताया कि बड़ा चपूड़िया में इस अवसर पर देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाती है। बेल बरन पूजा संपन्न होने के बाद दसांय नृत्य दल की टोली निकलती है। इसमें शामिल लोग मयूर पंख और कांसा के करताल-झाल लेकर पारंपरिक धुन पर नृत्य करते हुए पांच गांवों में पहुंचते हैं। पर्व के आयोजन में नाइकी राजेश सोरेन, प्राणिक, लोबिन बेसरा, रबिमान बेसरा, रबिसल बेसरा, अविनाश मुर्मू, सहदेव सोरेन, सोनाधन मुर्मू, शिवम बेसरा, मनोज सोरेन, नितेश सोरेन, रामलाल मरांडी, शिवलाल मुर्मू, दिनेश सोरेन और गोरा मरांडी सहित अन्य लोग सक्रिय रूप से शामिल हैं।

आदित्य नारायण कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान

दुमका। आदित्य नारायण महाविद्यालय, दुमका के राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले कॉलेज परिसर में एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का सफल नेतृत्व एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर प्रमोद कुमार झा और डॉ. अन्हद लाल ने संयुक्त रूप से किया। महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के इस पुनीत कार्य में शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अभियान में डॉ. अभय प्रसाद सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. चंद्रभानु प्रताप सिंह, डॉ. अमरकांत पोद्दार, डॉ. बीरेंद्र चंद्र गोराई, डॉ. एजाज अहमद, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, प्रो. यशवंत कुमार सिंह, प्रो. सुलेमान हांसदा और प्रो. के.डी. मंडल सहित कई प्राध्यापक शामिल हुए। इसके साथ ही कॉलेज के गैर-शैक्षणिक स्टाफ उज्ज्वल कुमार सिंह, गौरव कुमार, मुकेश कुमार और भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी श्रमदान किया। इस मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार झा ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफाई हमारे जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब हम अपने आस-पास सफाई रखते हैं, तो न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि हमारा मन भी शांत और सकारात्मक रहता है। उन्होंने सभी से अपने घर, मोहल्ले और देश को साफ रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

साइबर अपराधी की तलाश में सरैयाहाट पहुंची महाराष्ट्र पुलिस

सरैयाहाट। साइबर अपराध से जुड़े एक मामले की जांच के सिलसिले में महाराष्ट्र पुलिस की टीम सरैयाहाट थाना क्षेत्र के घघरी गांव पहुंची। मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस टीम ने स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाई। मिली जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के मुंबई स्थित खार पुलिस स्टेशन में कांड संख्या 1277/26 दर्ज है। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत कार्रवाई की जा रही है। मामले के अनुसंधान के सिलसिले में सब इंस्पेक्टर गोविंद बेडके के नेतृत्व में महाराष्ट्र पुलिस की टीम सरैयाहाट के घघरी गांव पहुंची। पुलिस टीम ने इस मामले से जुड़े संदिग्ध की तलाश करना और जांच के लिए आवश्यक जानकारी जुटाना बताया जा रहा है। हालांकि, मामले में किसी की गिरफ्तारी हुई है या नहीं, इसकी आधिकारिक जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।

हस्त धुलाई कार्यक्रम से बिखरी जागरूकता की रोशनी

शिकारीपाड़ा। प्रखंड में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के साझा प्रयासों से एक बेहतरीन पहल देखने को मिली। गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी संस्थानों में हस्त धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों, शिक्षकों और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। इस विशेष अभियान के दौरान उपस्थित लोगों और छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में हाथ धोने के सही तरीकों और इसके महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में यह बात प्रमुखता से बताई गई कि भोजन पकाने व खाने से पहले, शौचालय के इस्तेमाल के बाद और बच्चों की देखभाल के बाद साबुन से हाथ धोना बेहद जरूरी है। सही तरीके से हाथ धोने की यह साधारण सी आदत डायरिया और हैजा जैसी कई गंभीर संक्रामक बीमारियों से बचाव का सबसे असरदार जरिया है।

स्थायी लोक अदालत ने सेंट्रल बैंक में चलाया अभियान

दुमका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के तत्वावधान में सेंट्रल बैंक, दुमका की शाखा में स्थायी लोक अदालत द्वारा एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बैंक के ग्राहकों और आम नागरिकों को बैंकिंग से जुड़े विभिन्न विवादों के त्वरित समाधान और लोक अदालत की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष संजय कुमार चौधरी, सदस्य काजल कुमारी तथा सेंट्रल बैंक दुमका के शाखा प्रबंधक औरंगजेब आलम उपस्थित रहे। इस मौके पर उपस्थित नागरिकों और बैंक उपभोक्ताओं को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने बताया कि बैंकिंग से जुड़े विवादों, ऋण और बकाया राशि से संबंधित मामलों का आपसी सहमति से बेहद सरल तरीके से निपटारा किया जा सकता है।

दलाही हाईस्कूल में पेयजल संकट, छात्र-छात्राएं परेशान

मसलिया। मसलिया प्रखंड के सर्वेश्वर यादव उच्च विद्यालय, दलाही में पेयजल की समस्या से 500 से अधिक छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय परिसर में लगे चार चापाकलों में दो पूरी तरह खराब हैं, जबकि अन्य दो से कम पानी निकलता है। इन चापाकलों का पानी भी पीने योग्य नहीं है। ऐसे में विद्यार्थियों को पानी पीने के लिए आश्रम-दलाही बीजी सड़क पार कर मैदान में स्थित चापाकल तक जाना पड़ता है। इससे सड़क पार करते समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विद्यालय के प्राचार्य काशीनाथ महतो ने बताया कि पेयजल संकट दूर करने के उद्देश्य से विद्यालय विकास मद से डीप बोरिंग कराई गई है। हालांकि, अब तक इसमें चापाकल नहीं लगाया जा सका है। इस कारण विद्यार्थियों को तत्काल परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने संबंधित विभाग से जल्द चापाकल लगाने की मांग की है, ताकि बच्चों को विद्यालय परिसर में ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। विद्यालय में साइकिल स्टैंड की भी व्यवस्था नहीं है। इसके कारण दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों की साइकिलें पूरे दिन धूप में खड़ी रहती हैं। साइकिलों के टायरों की हवा कम होने से भी बच्चों को परेशानी होती है। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में जल्द साइकिल स्टैंड बनवाने की मांग की है।

आउटसोर्सिंग स्वास्थ्यकर्मियों को 8 महीनों से नहीं मिला वेतन, भूखे पेट ड्यूटी करने को मजबूर

17 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का ऐलान

संवाददाता

दुमका। एक ओर पूरा देश दुर्गा पूजा के जश्न और दीवाली की तैयारियों में जगमगा रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य महकमे की एक डरावनी और शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। सिस्टम की बेरुखी ने उन स्वास्थ्यकर्मियों की थाली से निवाला तक छीन लिया है, जो दिन-रात आम जनता की जान बचाते हैं। झारखंड के दुमका जिले के काठीकुंड स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में आउटसोर्सिंग पर तैनात कर्मी पिछले 8 से 12 महीनों से बिना वेतन के भूखे पेट ड्यूटी करने को मजबूर हैं। अब हालात बर्दाश्त से बाहर हो चुके हैं और कर्मियों ने व्यवस्था के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक दिया है।

---

12 महीने से खाली हाथ, आउटसोर्सिंग का दंश

काठीकुंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप-केंद्रों में सेवाएं दे रहे एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन और अन्य कर्मियों का जीवन बदहाली के चरम पर है। शिवा प्रोटेक्शन फोर्स, बिरसा सिक्योरिटी फोर्स, बालाजी डिटेक्टिव और कमांडो हजारीबाग जैसी एजेंसियों के मार्फत रखे गए इन कर्मियों को साल 2025 (सितंबर से दिसंबर) और साल 2026 (जून से सितंबर) का वेतन नसीब नहीं हुआ है। फाइलें दफ्तरों में धूल फांक रही हैं और स्वास्थ्यकर्मी अपने ही हक के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

बच्चों को स्कूल से नोटिस, दवा के भी पैसे नहीं

त्योहारों की खुशियां तो दूर की बात है, इन कर्मियों के घरों में अब चूल्हा जलना भी मुश्किल हो गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (स्व्ह्ढ्ढष्ट) को सौंपे गए मांग पत्र में कर्मियों ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि फीस न भर पाने के कारण स्कूलों से बच्चों को लगातार जलालत भरे नोटिस आ रहे हैं। नौबत यहां तक आ गई है कि परिवार में कोई बीमार पड़ जाए, तो दवा खरीदने तक के पैसे जेब में नहीं हैं। दशहरा पर बकाये की जो थोड़ी बहुत आस थी, वह भी सिस्टम की संवेदनहीनता की भेंट चढ़ गई।

हाकिमों की हिकारत- तुम हमारे कर्मी नहीं हो

पेट की आग जब इन थके-हारे कर्मियों को अधिकारियों के दरवाजे पर खींच लाती है, तो वहां से इन्हें सिर्फ हिकारत और दुत्कार मिलती है। कर्मियों का सीधा आरोप है कि जब वे एमओआईसी के पास वेतन की गुहार लगाते हैं, तो उन्हें यह कहकर भगा दिया जाता है- तुम लोग हमारे कर्मी नहीं हो!÷ एक तो भीषण आर्थिक तंगी और ऊपर से हाकिमों का यह अमानवीय रवैया, कर्मियों के आत्मसम्मान को भीतर तक छलनी कर रहा है।

---

17 अक्टूबर से चक्का जाम की चेतावनी

÷मरता क्या न करता!÷ महीनों से खून के घूंट पी रहे इन दर्जनों फार्मासिस्टों, एएनएम, जीएनएम और लैब टेक्नीशियनों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उन्होंने सिविल सर्जन (दुमका) और स्थानीय प्रशासन को दो टूक चेतावनी दे दी है कि यदि उनके लंबित वेतन का तत्काल भुगतान नहीं हुआ, तो 17 अक्टूबर 2026 से सभी कर्मी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर चले जाएंगे।

अधिकारियों के लिए यह भले ही फाइलों में दबा एक मामूली प्रशासनिक मामला हो, लेकिन उन दर्जनों परिवारों के लिए यह जीवन-मृत्यु और सम्मान का प्रश्न बन चुका है। अब देखना यह है कि क्या कुंभकर्णी नींद सो रहा स्वास्थ्य विभाग 17 तारीख से पहले जागेगा, या मरीजों की जान दांव पर लगाकर इन कर्मियों के घरों में दीवाली भी अंधेरे में ही मनने दी जाएगी?

दुर्गा पूजा पर बिजली विभाग का अलर्ट : पंडालों में अग्निशमन उपकरण अनिवार्य, सुरक्षित और वैध कनेक्शन की अपील

संवाददाता

दुमका। दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, दुमका अंचल ने कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बिजली विभाग ने पूजा आयोजकों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन करें, ताकि उत्सव के दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी पूजा पंडालों को अपनी जरूरत के अनुसार वैध बिजली कनेक्शन लेना अनिवार्य है।

बिजली विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के मुताबिक, पूजा पंडालों में स्वीकृत भार के अनुरूप ही बिजली का उपयोग होना चाहिए। सुरक्षा के लिहाज से पंडालों में एमसीबी, आइसोलेटर और मुख्य स्विच लगाना जरूरी है। विभाग ने सख्त हिदायत दी है कि सजावट और जनरेटर के लिए किसी भी हाल में कटे-फटे तारों का इस्तेमाल न किया जाए। इसके अलावा, वायरिंग का काम केवल प्रशिक्षित बिजली मिस्त्री से ही कराने को कहा गया है।

सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विभाग ने कहा है कि पंडाल का निर्माण बिजली की तारों से सुरक्षित दूरी पर होना चाहिए। तारों को इस तरह से व्यवस्थित किया जाए कि वे श्रद्धालुओं की पहुंच से दूर रहें। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कंट्रोल पैनल के पास एक प्रशिक्षित बिजलीकर्मी की मौजूदगी और वहां तक पहुंचने का रास्ता साफ होना चाहिए। इसके साथ ही हर पंडाल में पर्याप्त संख्या में अग्निशामक यंत्र और बालू से भरी बाल्टियां रखना अनिवार्य किया गया है।

मूर्ति विसर्जन और जुलूस को लेकर भी विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। विभाग ने निर्देश दिया है कि विसर्जन के दौरान बसों या बड़े वाहनों की छत पर कोई भी व्यक्ति न बैठे। जुलूस में शामिल झांकियों और सामग्री की ऊंचाई जमीन से 4 मीटर (करीब 13 फीट) से अधिक नहीं होनी चाहिए, ताकि वे ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन या सामान्य बिजली लाइनों की चपेट में न आएं। आम लोगों से भी कहा गया है कि वे बिजली के खंभों और तारों को न छुएं और न ही किसी डंडे के सहारे उनके संपर्क में आने की कोशिश करें।

किसी भी आपात स्थिति या शिकायत के लिए बिजली विभाग ने 24 घंटे काम करने वाले हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। दुमका अंचल के शिकायत निवारण केंद्र के मोबाइल नंबर 9288526649 और रांची मुख्यालय के जन समस्या निवारण केंद्र के नंबर 9031110118, 9031110119 और 9031110120 पर संपर्क किया जा सकता है।

त्वरित कार्रवाई के लिए स्थानीय अधिकारियों के नंबर भी सार्वजनिक किए गए हैं। दुमका प्रमंडल में विद्युत अधीक्षण अभियंता से 9431135854, कार्यपालक अभियंता से 9431135859, शहरी सहायक अभियंता से 9431135861 और ग्रामीण सहायक अभियंता से 7004971774 पर बात की जा सकती है।

एसपी कॉलेज दुमका के युवाओं ने लिया नशामुक्त समाज बनाने का महासंकल्प

दुमका। प्रधानमंत्री द्वारा देशभर में चलाए जा रहे 100 सप्ताह के नशा मुक्ति अभियान ने अब दुमका के युवाओं में भी एक नई ऊर्जा भर दी है। 15 अक्टूबर 2026 को संताल परगना महाविद्यालय (एस. पी. कॉलेज) के परीक्षा प्रशाल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाई-9 के तत्वावधान में एक भव्य नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नशामुक्त युवा, सशक्त समाज और विकसित भारत के निर्माण का न केवल सपना देखा गया, बल्कि उसे साकार करने का दृढ़ संकल्प भी लिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. पी. यादव ने युवाओं को नशे की गहरी खाई से आगाह किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति के शरीर और दिमाग को ही नहीं खोखला करता, बल्कि यह उसके पूरे परिवार, शिक्षा और भविष्य की असीम संभावनाओं को भी तबाह कर देता है। नशे से

डीसी ने मोबाइल हेल्थ वैन को किया रवाना, घर बैठे होगी मुफ्त जांच

संवाददाता

दुमका। ग्रामीण और सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को अब इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जिला प्रशासन ने एक बेहद संवेदनशील और सराहनीय पहल करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे लोगों के दरवाजे तक पहुंचाने का फैसला किया है। इसी सिलसिले में दुमका के डीसी ने पीरामल स्वास्थ्य के सहयोग से तैयार की गई विशेष हेल्थ कैंपिंग वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह गाड़ियां जिले के कोने-कोने में जाकर डिजिटल अस्पताल की तरह काम करेंगी। इस विशेष अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम गांवों में हर एक घर तक पहुंचेगी। वहां रह रहे लोगों की बुनियादी स्वास्थ्य जांच की जाएगी और उनकी मेडिकल हिस्ट्री का पूरा ब्योरा तैयार किया जाएगा। इससे बीमारियों की शुरुआती दौर में ही पहचान हो सकेगी। गंभीर या विशेष इलाज की जरूरत वाले मरीजों को आगे की जांच और डॉक्टरों का परामर्श बिल्कुल मुफ्त दिलाया जाएगा। डीसी ने इस मौके पर कहा कि इस मुहिम का असली मकसद उन लोगों तक इलाज पहुंचाना है जो गरीबी, दूरी या किसी लाचारी की वजह से बड़े अस्पतालों तक नहीं पहुंच पाते। जिला प्रशासन की इस कोशिश से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य व्यवस्था की तस्वीर बदलेगी और समय रहते लोगों की जान बचाई जा सकेगी।

दुर्गोत्सव में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी

संवाददाता

दुमका। आगामी दुर्गोत्सव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। गुरुवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने दुमका शहरी क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और तैयारियों का जमीनी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पूजा समितियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पंडाल निर्माण में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन किया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे और अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) अनिवार्य रूप से लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंडालों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए और साज-सज्जा में भी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए। पंडाल के आसपास लगने वाले स्टॉल इस तरह लगाए जाएं जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई परेशानी न हो। इसके अलावा, वाहनों की पार्किंग के लिए भी पहले से ही एक सुव्यवस्थित जगह तय करने को कहा गया है।

सिदो-कान्हू शौर्य स्मारक पार्क की बदलेगी सूरत, डीसी ने दिए जीर्णोद्धार और बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। दुमका के डीसी अभिजीत सिन्हा ने गुरुवार को लखीकुंडी स्थित सिदो-कान्हू शौर्य स्मारक पार्क का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क की साफ-सफाई, रखरखाव और वहां उपलब्ध जनसुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। डीसी ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि पार्क परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, घासों की छंटाई समय पर हो और पूरे पार्क को स्वच्छ, सुंदर तथा व्यवस्थित रूप में रखा जाए ताकि यहां आने वाले आम लोगों और पर्यटकों को एक सुखद माहौल मिल सके।

निरीक्षण के दौरान डीसी के सामने यह बात आई कि पार्क में बच्चों के खेलने के लिए लगे कुछ झूले क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और पैदल चलने वाले रास्तों के पेवर ब्लॉक भी कई जगहों से टूट गए हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने का आदेश दिया। उन्होंने मनोरंजन के सभी उपकरणों को दुरुस्त करने को कहा ताकि बच्चों और अन्य आगंतुकों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

पार्क को और बेहतर बनाने के लिए डीसी ने जल निकासी की समस्या को दूर करने हेतु एक मजबूत ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही पार्क में आने वाले लोगों की बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए शौचालय निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द से जल्द शुरू करने की बात कही। उन्होंने कचरे के नियमित निष्पादन, बैठने की कुर्सियों के रखरखाव और वॉकिंग ट्रैक को पूरी तरह ठीक करने पर विशेष जोर दिया।

किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, पीछा करने पर निडर होकर करें शिकायत : एसडीपीओ

जरमुंडी। जरमुंडी प्रखंड स्थित प्लस टू हाई स्कूल जरमुंडी में गुरुवार को एसडीपीओ नवल किशोर सिंह के नेतृत्व में महिला सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय के नौवीं से लेकर बारहवीं तक की छात्राओं के लिए यह विशेष कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा, सतर्कता और आपात स्थिति में पुलिस सहायता लेने के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान महिला सुरक्षा कानून, बाल विवाह, छेड़छाड़, गुड टच-बैड टच, महिला एवं बालक सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और आत्मरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसडीपीओ नवल किशोर सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, पीछा करने या असुरक्षित महसूस होने पर डरें नहीं, बल्कि निडर होकर शिकायत करना सीखें। तुरंत 112, महिला हेल्पलाइन 181 या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर कॉल करें। पुलिस हर समय आपकी सहायता के लिए तत्पर है। जरमुंडी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी दयानंद साह ने साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया पर बरती जाने वाली सावधानियों और अनजान लोगों से दूरी बनाए रखने की जानकारी दी।

नवोदय विद्यालय में मॉडल युवा ग्राम सभा का आयोजन

सरैयाहाट। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, हंसडीहा में गुरुवार को मॉडल युवा ग्राम सभा 2027 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्राम सभा की भूमिका, पंचायत की कार्यप्रणाली और ग्रामीण विकास की प्रक्रिया से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कमल नयन पाण्डेय एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य राधिका देवी, प्रखंड प्रमुख ललिता मरांडी, मुखिया आशा हेम्बर्म मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को ग्राम सभा के महत्व की जानकारी देते हुए ग्रामीण विकास में जनभागीदारी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कमल नयन पाण्डेय ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर लोकतांत्रिक व्यवस्था की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करते हैं। इससे उनमें नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम के समन्वयक एस.एम. झा एवं आलोक कुमार ने आयोजन के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था समझने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला।

महिला सुरक्षा और साइबर अपराध को लेकर चला अभियान

सरैयाहाट। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर गुरुवार को सरैयाहाट पुलिस की ओर से आदर्श विद्यालय मोहरा में महिला सुरक्षा और साइबर अपराध को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सब इंस्पेक्टर अनिल टुडू ने स्कूली बच्चों को साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों, ऑनलाइन ठगी से बचाव और महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ने के साथ साइबर अपराध के मामले भी सामने आ रहे हैं। अनजान नंबर से आने वाले फोन कॉल, संदिग्ध लिंक, फर्जी संदेश और ऑनलाइन लालच देने वाले प्रस्तावों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों को किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी और निजी विवरण साझा नहीं करने की सलाह दी। महिला सुरक्षा के संबंध में उन्होंने छात्र-छात्राओं को महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार अपनाने, किसी भी तरह की छेड़छाड़ या उत्पीड़न की घटना को नजरअंदाज नहीं करने तथा ऐसी स्थिति में परिजनों और पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से जागरूक रहने और साइबर अपराध से संबंधित जानकारी अपने परिवार और आसपास के लोगों तक पहुंचाने की अपील भी की। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति सतर्क करना और महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना था, ताकि वे सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर सकें।

जमीन विवाद में बाइक से मारी टक्कर, चाची घायल

सरैयाहाट। जमीन विवाद को लेकर अपने ही चाचा, चाची और चचेरे भाई को बाइक से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। घटना माथाकेशो गांव के समीप की बताई जा रही है। हादसे में केकून देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, खरना गांव निवासी सौभनाथ यादव का अपने सगे भाई मदन यादव के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के सिलसिले में सौभनाथ यादव अपनी पत्नी केकून देवी और बेटे छत्तीस यादव के साथ बाइक से थाने में शिकायत करने जा रहे थे। इसी दौरान माथाकेशो गांव के समीप आरोप है कि मदन यादव का पुत्र चंदन यादव अपने सहयोगी राजेश यादव के साथ बाइक से पीछे पहुंचा और उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं और बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। घटना में केकून देवी को गंभीर चोटें आईं। उनकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया। घटना के बाद जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बताई जा रही है।

चेतना विकास संस्था ने स्मार्ट सखियों को किया सम्मानित

रानेश्वर (दुमका)। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली महिलाओं के अदृश्य संघर्ष और अनथक मेहनत को सलाम करते हुए, चेतना विकास संस्था और ट्रिकल अप इंडिया फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस को एक प्रेरणादायक उत्सव का रूप दिया। दोनों संस्थाओं की संयुक्त पहल एम्पावर्ड परियोजना के तहत मोहुलबोना पंचायत भवन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण की एक नई इबारत लिखी गई, जहां गांव की स्मार्ट सखियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पूरे सम्मान के साथ नवाजा गया। इस भव्य आयोजन का मुख्य उद्देश्य केवल जश्न मनाना नहीं था, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों, सम्मान और आर्थिक स्वावलंबन के प्रति एक नई दिशा दिखाना था। कार्यक्रम के दौरान एक सुर में यह बात उभरी कि खेत-खलिहान से लेकर घर-परिवार तक, हर मोर्चे पर ग्रामीण महिलाओं का योगदान अतुलनीय है। उनके इन्ही संघर्षों और समाज को गढ़ने में उनकी भूमिका पर बेहद सार्थक चर्चा की गई।

विद्यालय में नव दुर्गा दर्शन और कन्या पूजन

जरमुंडी। जरमुंडी प्रखंड स्थित प्रिय अंजली सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सिटिकबोना में गुरुवार को अर्द्धवार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के अवलोकन एवं परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नव दुर्गा दर्शन एवं कन्या पूजन भी किया गया। कार्यक्रम में कक्षा प्रथम से अष्टम तक के भैया-बहनों एवं उनके अभिभावकों ने उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन कर शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। इससे विद्यार्थियों को अपनी विषयवार प्रगति और सुधार के क्षेत्रों को समझने का मौका मिला, वहीं अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। प्रधानाचार्य रवीन्द्र कुमार मधुप ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराना और विद्यालय-अभिभावक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। मंच संचालन सुनीता कुमारी ने किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686